# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 9 दिसंबर 2024





हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 दिसंबर 2024



जयप्रकाश चिकित्सालय में एक बच्चे को दवा पिलाते कर्मचारी।

# पल्स पोलियो के प्रति जागरुकता ही बचाव का पहला कदमः मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने बच्चों को दवा पिला कर की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का सीएम निवास से शुभारंभ किया। पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए 8 दिसंबर को जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

अभियान के तहत प्रदेश के 16 जिलों में 5 साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरुकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है, परंतु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने जुड़वा बहनें अर्निका और अनाया राय, कनिष्का, नियति, अर्थ और समर्थ को दवा पिलाई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य संदीप यादव, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलेगा यह अभियान 8 से 10 दिसबंर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है कि कोई भी बच्चा दवा से वंचित ना रह जाए। उच्चतम रिहायशी इलाकों से ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी और झुग्गी बस्तियों में भी पोलियो की दवा पिलाने के लिए मोबाइल टीमें घर-घर, गली-गली जाकर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगी। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि सजग माता-पिता होने का परिचय दें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पल्स पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।





सीएम हाउस में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री।

### 38 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

#### 3 हजार से ज्यादा बूथों पर 6 हजार कर्मचारी तैनात

अभियान की मॉनिटरिंग के लिए 305 सुपरवाईजरों की ड्यूटी राजधानी भोपाल में जन्म से 5 साल तक के साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में तीन हजार से ज्यादा पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर छह हजार टीकाकर्मी दवा पिलाएंगे। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए 305 सुपरवाईजरों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले से बाहर जाने वाले एवं जिले में आने वाले पांच साल तक के प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाने के लिए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड इत्यादि स्थानों पर 95 ट्रांजिट बूथ स्थापित किए गए हैं।

#### प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाना बेहद जरूरी

जिले की 109 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं और 83 प्राइवेट संस्थाओं में भी पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। पोलियो के सुरक्षा चक्र को बनाए रखने के लिए हर अभियान के दौरान 5 साल तक के प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाना बेहद जरूरी है।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

### 1.80 लाख बच्चों ने पी पोलियो ड्रॉप्स 9 से स्कूलों में जांचेंगे स्याही का निशान

रविवार को भोपाल जिले में अभियान के पहले दिन तीन हजार से अधिक पोलियो बूथ पर छह हजार से अधिक टीकाकरण कर्मियों ने 1 लाख 80 हजार बच्चों को दवा पिलाई। अभियान के तहत शासकीय और प्राइवेट संस्थाओं, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, मेला स्थलों, बाजारों में भी दवा पिलाने की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा 9 और 10 दिसंबर को छोटे बच्चों के स्कूलों में जाकर उनकी उंगलियों पर स्याही के निशान की जांच की जाएगी।

### रेलवे की पहलः 20 बूथ और ट्रेनों में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेलवे चिकित्सा विभाग ने पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अजय डोगरा ने बताया कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों पोलियो से बचाने के लिए 20 बूथों की स्थापना की गई है। मंडल रेल चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्र हबीबगंज, कोच फैक्ट्री निशातपुरा, रेलवे स्टेशनों जैसे भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर और विदिशा, पर पोलियो दवा पिलाने के लिए 20 बूथ लगाए गए हैं। बीना और इटारसी की ओर जाने वाली 8 ट्रेनों में बच्चों को यात्रा के दौरान पोलियो की खुराक दी जा रही है।

---

### रहवासियों में आक्रोश, बोले- लगातार टीम कर रही ऐसा

# डॉग स्क्वाड ने छोड़े दूसरे इलाके के आवारा कुत्ते, लोगों में खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम का डॉग स्क्वाड आजकल कई बार शिकायत करने के बाद भी आवारा कुत्तों को पकड़ने नहीं आता। कई बार दवाब बनाने के बाद अगर कुत्ते पकड़कर भी ले गया तो वो दूसरे मोहल्ले में छोड़ देता है। जबकि इस मामले में डॉग स्क्वाड टीम से बात की तो उनका कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए जिस मोहल्ले से नसबंदी के लिए कुत्तों का पकड़ा जाता है। उसी मोहल्ले में छोड़ना होता है। यह हो सकता है कि गलती से दूसरे मोहल्ले के आवारा कुत्ते दूसरे में छोड़ दिए हों।

बुधवारा स्थित हाथी खाना इलाके में रविवार को सुबह नगर निगम का डॉग स्क्वाड वाहन आया और करीब एक दर्जन आवारा कुत्तों को छोड़कर चला गया। यह मामला रविवार सुबह का है, जिसको लेकर कुत्ते उतारने का एक सीसीटीवी वीडीयो सामने आया है। सात मिनट के इस वीडियो में ट्रक से एक दर्जन से अधिक कुत्तों को उतारा गया। इलाके के लोगों का कहना है कि यह गाड़ी लगातार ऐसा कर रही है।

#### पकड़कर ले जाना तो दूर, इधर-उधर के कुत्ते भी मोहल्ले में छोड़ रहा निगम



शिकायत करने पर आते हैं, लेकिन खाली घूमते रहते हैं डॉग स्क्वाड वाहन



हाथी खाना इलाके में कुत्ते छोड़ती डॉग स्क्वॉड की टीम।

#### रहवासियों के अनुसार, घरों में अंदर तक आ रहे कुत्ते

- भोईपुरा हाथी खाना से बुधवारा चौराहे तक 200 से 250 कुत्ते हैं। इसके बाद भी दूसरे मोहल्ले के आवारा कुत्तों को यहां लाकर छोड़ा जा रहा है। अब हालत यह हो गई है कि यह घरों में भी आ जाते हैं।
- एनिमल एक्टिविस्ट स्वाति गौरव ने बताया कि इस तरह से एक इलाकों से दूसरे इलाकों में डॉग्स को छोड़ना गलत है, क्योंकि इसमें वैक्सीनेट और नॉन वैक्सीनेट डॉग्स एक दूसरे के प्रति आक्रामक हो जाते हैं।

#### जहां से उठाया जाता है, उन्हें वहीं छोड़ते हैं

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना ने कहा कि मैंने वीडियो देखा है। जहां से जिस डॉग को उठाया जाता है, वहीं छोड़ा जाता है।

# बच्चों के साथ खेल रहा चार साल का बच्चा नहर में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में शनिवार शाम बच्चों के साथ खेल रहा चार साल का मासूम नहर में डूब गया। परिजन उसे नहर से निकालकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन बच्चे का शव लेकर अपने पैतृक गांव रायसेन लेकर पहुंचे, वहां उसका अंतिम संस्कार किया।

एएसआई बेनी प्रसाद ने बताया कि लक्ष्य पिता शिशुपाल आदिवासी (4) मूलतः रायसेन जिला का रहने वाला था। पिता शिशुपाल आदिवासी यहां परिवार के साथ रहकर मजदूरी करते हैं।

बिलखिरिया स्थित आदमपुर छावनी में हुआ हादसा



उन्होंने पुलिस को बताया कि आदमपुर छावनी में उनकी झुग्गी से कुछ दूरी से नहर निकली है। नहर के पास ही गड्ढा है, जिसमें पानी भरा हुआ है। बच्चे इस गड्ढे में नहाने के लिए जाते हैं। शनिवार शाम भी बच्चे नहर के पास गड्ढे में नहा रहे थे। बच्चों को नहर के पास जाता देख लक्ष्य भी उनके साथ खेलने के लिए चला गया। वहां खेलते समय लक्ष्य नहर में गिर गया।

नहर में करीब चार फीट पानी था। बच्चों ने शोर मचाया और उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद मोहल्ले में पहुंचकर लोगों को घटना की जानकारी दी।

#### शव परिजनों का सौंपा

लक्ष्य के माता पिता मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकालकर पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन लक्ष्य को हमीदिया लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया। रात करीब दस बजे हमीदिया अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने लक्ष्य का शव मर्चूरी में रखवा दिया था। रविवार सुबह शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

### बैरसिया कोर्ट ने सुनाई थी 3-3 माह कैद की सजा

# सजा सुनते ही कोर्ट परिसर से भागे मारपीट के दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया न्यायालय परिसर में मारपीट के दो आरोपी सजा सुनते ही भाग निकले। साल 2017 के मामले में कोर्ट ने शनिवार को उन्हें 3-3 महीने की कैद और 1-1 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई थी।

सजा सुनते ही दोनों आरोपियों ने कोर्ट से दौड़ लगा दी और न्यायालयीन अभिरक्षा से फरार हो गए। बैरसिया पुलिस ने न्यायालय कर्मचारी की शिकायत पर बीएनएस की धारा 262 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि बैरसिया कोर्ट कर्मचारी नंदकिशोर बागड़े की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी धूर सिंह व बंटी अहिरवार दोनों निवासी कढ़ैया सबर, जमानत पर थे। शनिवार को प दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। शाम करीब 4.45 बजे दोनों को कोर्ट ने जैसे ही सजा सुनाई, फैसला सुनते ही दोनों आरोपी कोर्ट परिसर से फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा।

# निगम परिषद की बैठक शुक्रवार को पहली बार कोई खास 'मुद्दा' नहीं

### मुद्दाहीन बैठक बुलाने को लेकर प्रतिपक्ष ने विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी। एमआईसी से मंजूर 21 मुद्दों के प्रस्ताव को परिषद बैठक में रखेंगे। नियमानुसार दो महीने में बैठक होनी चाहिए, लेकिन यह 3 महीने के बाद होगी। इसलिए बैठक हंगामेदार होने के आसार हैं। क्योंकि विपक्ष हंगामा कर सकता है।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि परिषद की बैठक में निर्धारित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। तारीख तय नहीं होने से कांग्रेस पार्षद खुलकर पर आरोप लगा रहे थे। इसी बीच एमआईसी ने 22 में से 21 विषयों को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद बैठक की तारीख भी तय कर ली गई।



#### अभी नहीं हटाए जाएंगे स्वच्छता प्रभारी

अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान को हटाने की जिद पर अड़े एमआईसी सदस्यों ने स्वच्छ सर्वे की तैयारियों को देखते हुए अपनी मांग छोड़ दी। निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण यादव ने चौहान को बदलने से यह कहते हुए मना कर दिया था कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम आने वाली है। ऐसे में अचानक प्रभारी नहीं बदल सकते। बैठक न होने से आयुक्त के पास जा चुकीं कांग्रेस पार्षद नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि परिषद की पिछली बैठक 2 सितंबर को हुई थी। अगली बैठक 2 नवंबर को होनी चाहिए थी। 3 महीने से अधिक समय बीत गया है। कांग्रेसी पार्षद भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह के पास भी पहुंचे। सियासत के बीच अब बैइक की तारीख तय हो गई है।

#### इन प्रस्तावों को भी रखेंगे

- शहर में चल रहे एचएफए के सभी प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ाकर 2025-26 तक की गई है।
- नगर निगम के शेष खाली बचे सामुदायिक भवनों को तीन साल के किराए पर दिया जाएगा।
- करीब साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से आरएएफ कैंपस हिनोतिया में पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी।
- निगम अपने कम्युनिटी हॉल 3 साल के लिए लाइसेंस शुल्क लेकर संस्थाओं को आवंटित करेगा।

#### 9 करोड़ रुपए से संवरेगा शाहपुरा तालाब

एमआईसी बैठक में शाहपुरा तालाब व अमृत 2 जैसे 20 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यहां फुटपाथ निर्माण के साथ ही तालाब में मिलने वाले सीवेज के पानी को रोकने बंदोबस्त किए जाएंगे। इस पर 9.16 करोड़ रुपए खर्च होंगे। स्मार्ट नेविगेशन डिवाइस लगाने वाली कंपनी यूनिकॉर्न सॉल्यूशन का एग्रीमेंट खत्म कर उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। ऐसे में शहर में लगी 100 से ज्यादा इन गेंट्री का संचालन नगर निगम की ओर से किया जाएगा।

### मेट्रो के 9 वार्डों में भी रिवाइज होंगे रेट

# कान्हासैया, नीलबड़, लांबा खेड़ा-बैरसिया रोड पर तीन गुना रेट में बिकी प्रॉपर्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की प्रॉपर्टी के पिछली बार रिकार्ड तोड़ दाम बढ़ाने के बाद पंजीयन विभाग ने नवंबर माह में दोबारा से दाम बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन क्रेडाई के विरोध के बाद पंजीयन विभाग ने भोपाल के प्रस्ताव को होल्ड कर दिया था। अब एक अप्रैल से लागू होने वाली नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर ही नया प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। जिसके लिए आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से रिकार्ड जुटाया जा रहा है। अप्रैल से नवंबर माह तक निकाले गए डेटा से पता चला है कि कान्हासैया, नीलबड़, जाटखेड़ी, कजलीखेड़ा, लांबाखेड़ा-बैरसिया रोड की तरफ की गई पड़ताल के बाद कुछ लोकेशन पर तीन गुना दर पर भी रजिस्ट्री होना सामने आया है। यहां दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनी पिछले कुछ माह में काटी गईं हैं, जिनमें रजिस्ट्री हो रही हैं। ऐसे में यहां की लोकेशनों को भी नई गाइडलाइन के प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

- अब अप्रैल में ही बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के दाम, क्रेडाई के विरोध के बाद टली बढ़ोतरी
- मार्च माह के लिए तैयार किया जाएगा नया प्रस्ताव

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन में इस बार जमीनों के रेट बढ़ाने के प्रस्ताव में मेट्रो के रूट का खास ध्यान रखा जा रहा है। सर्वे करने से पहले नौ वार्डों में फैले मेट्रो के एम्स से करोंद तक के रूट पर प्रॉपर्टी रेट बढ़ाने के लिए नए सिरे से सर्वे होगा। जिससे यहां नए निर्माणों के आधार पर रेट तय किए जा सकें। नए साल में मेट्रो रूट का काम और तेज गति से होगा, पुल बोगदा से आगे लगी आरा मशीनों को यहां से शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद ये रूट करोंद तक जाएगा। एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी रूट पर काम चल रहा है। जल्द ही हबीबगंज से एम्स के रूट का ट्रायल रन भी किया जाएगा।

### प्रचार-प्रसार के अभाव में आधा दर्जन सेवाओं से दूर आम लोग

# एफआईआर और गुमाश्ता के लोक सेवा केंद्रों में नहीं आ रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम लोगों को एक ही जगह पर 446 सेवाएं लोक सेवा केंद्रों में दी जा रही हैं। इसके तहत अफसरों को समय सीमा में आवेदनों का निराकरण करना होता है। इन सेवाओं में से दर्जनों सेवाएं ऐसी हैं, जिनकी जानकारी आम लोगों को नहीं है, जिसकी वजह से यहां इन सेवाओं के आवेदन नहीं आ रहे हैं।

हालात यह हैं कि दर्जनों सेवाओं का अब तक एक भी आवेदन नहीं आया है। लोकसेवा गारंटी केंद्रों पर आम लोगों को समय सीमा में मिल रही हैं। बारह दिसंबर 2014 से शुरू हुई इन सेवाओं का लाभ लोक सेवा केंद्रों में दिया जा रहा है। नई सेवाओं में राजस्व विभाग, जिला योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, पीएचई, श्रम, नगरीय प्रशासन, गृह विभाग, परिवहन विभाग, पंजीयन एवं मुद्रांक, महिला एवं बाल विकास विभाग व सामान्य प्रशासन शामिल हैं। इनमें से सर्वाधिक सेवाएं राजस्व विभाग की हैं।

- लोक सेवा केंद्रों में मिल रहीं 446 सेवाएं

#### इन सेवाओं के नहीं आ रहे आवेदन

एफआईआर कॉपी, पोस्टमार्टम की सत्य प्रतिलिपि, गुमाश्ता लायसेंस, गुमाश्ता नवीनीकरण के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में नहीं आ रहे हैं, जबकि विवाह पंजीयन सहित एक दर्जन सेवाओं के इक्का-दुक्का आवेदन आ रहे हैं।

#### प्रचार-प्रसार करेंगे

लोक सेवा केंद्रों में सरकार द्वारा सभी सेवाएं दी जा रही हैं। हाल ही में शुरू हुई सेवाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आम लोगों को इसका फायदा मिल सके। कुछ सेवाओं के आवेदन नहीं आ रहे हैं, इसके लिए प्रचार किया जाएगा।

प्रसून सोनी,
मैनेजर लोक सेवा केंद्र

### सेंटर में चूहे, खरगोश, मेंढक जैसे जानवरों पर होंगे शोध

# एनिमल हाउस सेंटरः डॉक्टर जानवरों से इंसानी बीमारियों का खोजेंगे इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सक जानवरों के जरिए इंसानी बीमारियों का इलाज खोजेंगे। इसके लिए एनिमल हाउस बन कर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जरूरी एनिमल एथिकल कमेटी भी बनेगी। इस सेंटर में चुहे, खरगोश मेंढक जैसे जानवरों पर शोध होंगे। इसके लिए तीन स्टोरी बिल्डिंग तैयार की जा रही है। साल 2025 में इसकी शुरुआत की जाएगी।

इसमें फार्मालोजी, माइक्रोबायोलॉजी, पेथोलॉजी, वेटरनी चिकित्सक सहित अन्य विभाग से जुड़े विशेषज्ञों की जरूरत होती है। वर्तमान में संस्थान के पास फार्मालोजी, माइक्रोबायोलॉजी और पेथोलॉजी के विशेषज्ञ मौजूद हैं। इसके अलावा अन्य की जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

तीन मंजिला भवन बनने के बाद 2025 में की जाएगी इस प्रोजेक्ट की शुरुआत, खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान बनेगा प्रदेश का पहला आयुर्वेद संस्थान

संस्थान के पास अभी फार्मालोजी, माइक्रोबायोलॉजी और पेथोलॉजी के विशेषज्ञ मौजूद



#### अनुमति के बाद ही होगी शुरुआत

एक बार संस्थान तैयार होने और उसमें विशेषज्ञों के साथ सभी जरूरी इक्विपमेंट होने के बाद अंतिम और आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें सबसे पहले एनिमल वेलफेयर बोर्ड को लाइसेंस के लिए एप्लीकेशन दी जाएगी। यहां की टीम आकर निरीक्षण करेगी। इनकी सहमती के बाद ही एनिमल हाउस खोला जा सकेगा। यहां रहने वाले एनिमल को उपचार, पानी, पेड़-पौधे आदि सुविधाएं होना अनिवार्य हैं। तभी इसकी परमिशन मिल सकेगी।

#### पहला आयुर्वेद संस्थान होगा खुशीलाल

यह सुविधा वाला पं खुशीलाल आयुर्वेद कॉलेज प्रदेश का पहला आयुर्वेद संस्थान होगा। यह सबसे आधुनिक स्तर का एनिमल हाउस होगा। यहां सेकेण्ड फ्लोर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग वायरस जनित बीमारियों के लिए रिसर्च करेगा। ग्राउंड व फस्ट फ्लोर पर फिजियोलॉजी फार्माकोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री एनॉटॉमी जैसे विभाग रिसर्च करेंगे।

#### आयुर्वेद दवाओं और खाद्य पदार्थ का शरीर पर नुकसान की गणना

एनिमल हाउस में जानवरों पर शोध के जरिए खुशीलाल के चिकित्सक नई बीमारियों व दवाइयों के शरीर पर नुकसान की गणना करेंगे। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की जांच भी की जाएगी। जिससे भविष्य में सही भोजन की जानकारी मुहैया कराई जा सके।

डॉ. उमेश शुक्ला, प्राचार्य, पं खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान

भोपाल
सोमवार, 9 दिसंबर 2024
अगहन मास शुक्ल पक्ष : 9
वर्ष : 11, अंक : 255
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 ऑस्ट्रेलिया ने की बराबरी, दोनों ...



विचार पेज
06 आयात शुल्क पर न हो...

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर में लगाई घोषणाओं की झड़ी

# 50 करोड़ के 24 कार्यों का किया भूमिपूजन, लोकार्पण आलू-प्याज की नई मंडी के निर्माण के लिए देंगे राशि

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को शाजापुर जिले कार्यक्रम में घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने शाजापुर में 7 करोड़ 87 लाख 83 हजार रुपए लागत से नवनिर्मित बस स्टैंड के लोकार्पण सहित 50 करोड़ रुपए लागत के 24 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर में मेडिकल कॉलेज एवं शुजालपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज निर्माण एवं आलू-प्याज की नई मंडी निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

*सीएम ने 7.87 करोड़ से नवनिर्मित बस स्टैंड का लोकार्पण किया, राज्य परिवहन निगम की बसें पुनः शुरू करने का ऐलान*



### शाजापुर में मेडिकल कॉलेज, शुजालपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की घोषणा

#### प्रदेश में तेज गति से चल रहे विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य सतत गति से चल रहे हैं। नर्मदा-लिंक परियोजना, केन-बेतवा परियोजना एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से प्रदेश चारों तरफ हरा-भरा होगा, किसानों को सिंचाई के साथ-साथ पीने के लिए पानी भी मिलेगा। लगभग 1 ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### दो सरपंचों को पंचायत प्रगति पत्रकों का वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले की ग्राम पंचायत खोरियाएमा सरपंच श्रीमती अनिता पाटीदार एवं सुन्दरसी सरपंच देवीसिंह छावड़ी को ग्राम पंचायत का प्रगति पत्रक सौंपा। शाजापुर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की पहल पर ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

बस स्टैंड के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 07 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने संबोधित किया। विधायक अरूण भीमावद ने संबोधित करते हुए शाजापुर जिले के विकास के लिए मांगे रखी। साहित्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पूर्व सांसद प्रज्ञा की मां का निधन, बीमार थीं

**भोपाल।** पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की मां सरला सिंह का रविवार सुबह करीब 9:30 बजे निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। भोपाल में ही उनका इलाज चल रहा था। प्रज्ञा के करीबियों ने बताया कि अंतिम संस्कार सोमवार को भदभदा विश्राम घाट पर किया जाएगा। सुबह 10 बजे बी-29 से उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी।



### युवक को ट्रक ने रौंदा पॉलीथिन में समेटा

**ग्वालियर।** बारात से लाइट लेकर लौट रहे शख्स को ट्रक ने कुचल दिया। शव के चार टुकड़े हो गए। पुलिस को पॉलीथिन में रखकर शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाना पड़ा। शनिवार रात 12 बजे इंदरगंज थाने के सामने युवक के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। घाटीगांव और बहोड़ापुर में सड़क हादसे में भी दो की मौत हो गई।



### ओंकारेश्वरःस्कूटी समेत नहर में गिरी मां-बेटी

**खंडवा।** ओंकारेश्वर में एक मां-बेटी स्कूटी समेत नहर में गिर गई। चीख-पुकार सुनकर लोग पहुंचे और महिला का रेस्क्यू किया। लापता युवती की तलाश की जा रही है। मामला मोटक्का थाना क्षेत्र का है। ओंकारेश्वर से निकली नर्मदा नदी की मुख्य नहर है, जिसमें मां-बेटी स्कूटी सहित जा गिरी। मौजूद लोगों ने नहर में डूबी मां को पानी से बाहर निकाल लिया।



## सीरिया में अफगानिस्तान जैसा हुआ हाल, पीएम गाजी ने विद्रोहियों को दिया सत्ता सौंपने का प्रस्ताव

# सीरिया में तख्तापलट, देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति सीरियाई सेना ने कहा- असद का शासन समाप्त



**राष्ट्रपति असद और उनके परिवार को रूस ने दी शरण, मास्को में रखा**

*लोगों ने राष्ट्रपति भवन लूटा, टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे विद्रोही, सीरिया के चार शहरों अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा पर विद्रोहियों का कब्जा*

एजेंसी ▶▶ दमिश्क/नई दिल्ली

सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है।

असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### संघर्ष की वजह से 3.70 लाख लोग विस्थापित

अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख ▶▶ शेष पेज 4 पर



*राष्ट्रपति असद भागकर रूस पहुंचे, पुतिन ने दी राजनीतिक शरण*

सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दे दी है। पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि असद के विमान का रडार से संपर्क टूट गया है ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### असद ने 11 दिन में सत्ता गंवाई

सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) के बीच 2020 के सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद 1 दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था। असद ने सिर्फ 11 दिन के भीतर अपनी सत्ता गंवा दी और सीरिया पर असद परिवार के 50 साल का शासन खत्म हुआ। राजधानी ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

#### कैदियों को किया रिहा

विद्रोहियों ने दमिश्क के बाहरी इलाके में एक बड़ी सैन्य जेल का जिक्र करते हुए कहा कि हम सीरियाई लोगों के साथ अपने कैदियों को रिहा करने और उनकी जंजीरों को खोलने और सेडनया जेल में अन्याय के युग के अंत की घोषणा करते हैं।

#### सीरिया में सभी 90 भारतीय सुरक्षित

सीरिया में इस्लामी विद्रोही समूहों के दमिश्क पर कब्जे के साथ बशर अल-असद सरकार का पतन हो चुका है। इस बीच, भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सीरिया में सभी करीब 90 भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय दूतावास दमिश्क में पूरी तरह से सक्रिय है और सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### असद सरकार के गिरते ही सीरिया में ईरान के दूतावास पर हमला

**तेहरान।** सीरिया अल-असद की सत्ता को गिराने के दावे के बीच ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को जानकारी दी कि सीरिया में उनके दूतावास पर हमला हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दूतावास के कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है ▶▶ शेष पेज 4 पर

## किसानों का शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च फिर टाला

# पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे फिर वाटर कैनन से खदेड़ा





घायल किसान को ले जाते हुए

**8 किसान घायल आज फिर बनेगी आगे की रणनीति**

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के 101 किसानों ने रविवार को दूसरी बार शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी के पुल पर रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। किसान नेता पंधेर का कहना है कि सोमवार को दोनों फोरम फैसला करेंगे।

101 किसानों का जत्था दोपहर 12 बजे धरनास्थल से दिल्ली कूच के लिए निकला। पुल पर पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक ओर दिल्ली कूच स्थगित कर दिया है। वहीं किसान आंदोलन के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पहले एक याचिका दाखिल की गई थी, इसमें शंभू बॉर्डर समेत सभी हाईवे को खोलने के निर्देश केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को इस मामले में सुनवाई करेगा।

## दो गार्डों ने की युवक की हत्या

### कचरे में रख जलाया शव पुलिस पहुंची तो खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



■ मृतक आपराधिक प्रवृत्ति का था

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक युवक की मारपीट से परेशान दो गार्डों ने शराब के नशे में उसकी हत्या कर दी और लाश को कचरे में डालकर आग लगा दी। बंद कॉम्प्लेक्स से निकले धुएं की सूचना पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया तो देखा कि वहां लाश जल रही है। सूचना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जांच के समय पकड़ाया यात्री

### एयरपोर्ट में मिली 26 लाख की विदेशी करेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




■ डॉलर, पाउंड सहित 5 देशों की मिली मुद्रा

इंदौर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने शनिवार देर रात एक व्यक्ति को विदेशी करेंसी के साथ पकड़ा है। यात्री इंदौर से शारजाह जा रहा था। जिसके पास से 26 लाख रुपए की विदेशी करेंसी में डॉलर और यूरो सहित अन्य देशों की मुद्रा जब्त की गई है। पूरे मामले में जांच एजेंसियां अभी यात्री से पूछताछ कर रही है। बता दें कि शनिवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी आज से करेंगे शुरुआत

### 'बीमा सखी' महिलाओं के लिए होगी गेमचेंजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



■ प्रशिक्षित बीमा सखियों को देंगे नियुक्ति पत्र

महिलाओं को सशक्त करने की विभिन्न योजनाओं के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा के पानीपत में 'बीमा सखी योजना' की शुरुआत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है। यह योजना भारतीय जीवन बीमा निगम की ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रदेश में देर रात 15 आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले

# मुकेश चंद्र बने सचिव मानव अधिकार, केसी को राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने रविवार देर रात को प्रदेश के 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव मप्र शासन अनुराग जैन द्वारा जारी आदेश में लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता को राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चंद्र गुप्ता को मप्र मानव अधिकार आयोग का सचिव बनाया गया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ अपर मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी की अतिरिक्त जिम्मेदारी मंडलोई और संसदीय कार्य का जिम्मा अनुपम राजन को मिली



#### इन्हें अतिरिक्त प्रभार

जारी आदेश में कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए हैं। इसमें अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी नीरज मंडलोई और संसदीय कार्य विभाग का जिम्मा अनुपम राजन को सौंपा गया है। उप सचिव जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पुलिस ने आरोपी ट्यूटर को गिरफ्तार

# ट्यूटर ने दो बहनों से किया दुष्कर्म एक्सट्रा क्लास के बहाने रोकता था

◆ आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 14 और 20 साल की दो मौसेरी बहनों से अश्लील हरकत और दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

आरोपी ट्यूटर अपने घर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। दोनों बहनें अलग-अलग समय में ट्यूशन के लिए जाती थीं। दोनों को एक-दूसरे के साथ हुई दरिंदगी की जानकारी नहीं थी। आरोपी ट्यूटर एक्सट्रा क्लास के बहाने बैड टच और अश्लील हरकत के साथ दुष्कर्म करता था। ट्यूटर की हरकत से परेशान होकर ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### पोर्न मूवी देखने का था शौकीन

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल जब्त किया तो पता चला कि उसके मोबाइल ढेर सारे पोर्न वीडियो ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पढ़ाई में कमजोर बताकर एक्सट्रा क्लास

बारहवीं की पीड़ित छात्रा ने बताया कि वीरेंद्र सर कहते थे कि तुम पढ़ने में कमजोर हो। तुम्हें एक्सट्रा क्लास की जरूरत है। क्लास नहीं ली तो फेल हो जाओगी। वह वीरेंद्र सर के घर बच्चों के जाने के बाद रुक जाती थी। आरोपी साइंस पढ़ाते समय बॉडी पार्टस के बारे में जानकारी देकर उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। दोनों बहनों ने बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

## महाकुंभ में देश-विदेश के श्रद्धालुओं की एआई ट्रांसलेटर करेगा मदद

# भाषा नहीं बनेगी बाधा, ट्रांसलेटर एप में देश की 22 और विदेश की 19 भाषाएं, जिनको एप हिंदी या अंग्रेजी में बदलेगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में देश-दुनिया के श्रद्धालु संगमनगरी में जुटेंगे। इस दौरान बाहरी राज्यों या विदेश से आए श्रद्धालु बीमार पड़ते हैं तो भाषा की दिक्कत से उनका इलाज नहीं रुकेगा।

वह एआई ट्रांसलेटर एप की मदद से डॉक्टर को अपनी भाषा में बीमारी के बारे में बता सकेंगे। एप उनकी बोली गई भाषा को हिंदी या अंग्रेजी में ▶▶ शेष पेज 4 पर




**महाकुंभ को देखते हुए मेला क्षेत्र में पहली बार 30 बेड के आईसीयू की व्यवस्था भी की गई**



#### आईसीयू बेड में एआई ट्रांसलेटर की सुविधा

छावनी सामान्य अस्पताल अपने 30 आईसीयू बेड में एआई ट्रांसलेटर की सुविधा देगा। इसमें मरीजों के बेड के बगल में माइक लगा होगा। वह अपनी भाषा में डॉक्टर से संवाद कर सकेंगे और चिकित्सक जो भी बोलेंगे वह मरीज को उनकी भाषा में समझ आएगा। कैंटोनमेंट बोर्ड का दावा है कि अभी तक इस पद्धति का इस्तेमाल देश के किसी हॉस्पिटल में नहीं किया गया है।

#### बिछड़ों को मिलाने में मदद करेगा एआई

एआई कैमरों की मदद से मरीजों की तबीयत बिगड़ने की सूचना स्वतः ही डॉक्टर के पास पहुंच जाएगी। साथ ही महाकुंभ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहारे बिछड़े हुए लोगों को मिलाने का काम पहली बार किया जाएगा। हाईटेक सुविधाओं से लैस मुख्य खोया पाया कंप्यूटराइज्ड सेंटर का शुभारंभ हो चुका है। महाकुंभ क्षेत्र में कंप्यूटराइज्ड खोया पाया केंद्र दस जगहों पर तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से मुख्य केंद्र को त्रिवेणी रोड पर बांध के नीचे तैयार किया गया है।



## भोजपाल मेले में इंडियन आइडल फेम नितिन की प्रस्तुति

# प्रीत की लत मोहे ऐसी लागी, हो गई मैं मतवारी से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में रविवार को मेला मंच पर आयोजित बॉलीवुड नाइट में इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार ने अपनी प्रस्तुति दी। नितिन ने प्रीत की लत मोहे ऐसी लागी, हो गयी मैं मतवारी, बल बल जाऊं अपने पिया को, हे मैं जाऊं वारी वारी, तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी मोहब्बत की राहों में आना पड़ेगा जैसी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चेतन कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### मेले में सुरक्षा के साथ मनोरंजन

*मेले में आने वाले शहरवासियों को यहां सुरक्षा के साथ मनोरंजन करने का मौका मिल रहा है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। मेले में लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर के साथ ही बेहतर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 60 से ज्यादा छोटे बड़े झूले हैं। रफ्तार की दुनिया का देश का सबसे बड़ा झूला रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेक डांस और चांद तारा रोमांच भर रहे हैं।*

## विनम्र सागर के सानिध्य में भूमिपूजन

# जीवन में जितना संघर्ष, उतना ही जीवन निखरेगा: विनम्र सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नारियलखेड़ा में आचार्य विनम्र सागर महाराज के सानिध्य में नवीन मान स्तंभ के निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ।

इसके पूर्व समाज जनों ने अचार्य संघ की अगवानी की। आचार्य संघ के सानिध्य भगवान नेमीनाथ अभिषेक, पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से अनुष्ठान हुए। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि मंत्र उच्चार के साथ शिलान्यास की क्रियाएं सौभाग्यशाली परिवार रविकांता, अभिषेक, सुकेश, रश्मि, सुयश, गुनगुन जैन परिवार द्वारा की गई। आचार्य विनम्र सागर महाराज ने कहा जीवन में असफलताओं से कभी नहीं डरना चाहिए। असफलताओं को अपना कर नई सीख लेना चाहिए और जितना जीवन में संघर्ष आएगा उतना ही जीवन निखरेगा।

### त्याग आत्मा को कुंदन बनाता है

जैसे सूरज की रोशनी संसार को प्रकाशमान कर देती है वैसे ही त्याग की महिमा अंतरात्मा को उज्जवल कर देती है। त्याग आत्मा को कुंदन बनाता है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शरद जैन, अरविंद प्रकाश, महिला मंडल की सरोज, अरुणा, पद्मा, अंजना जैन मौजूद थे। मध्य समिति के सुकेश जैन ने बताया 35 फीट का मान स्तंभ सफेद मार्बल का होगा। जिसमें सबसे ऊपर चारों ओर भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाएं विराजमान होगी।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बन रहे हालात

ग्वालियर-चंबल में बर्फीली हवाएं चलेंगी, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में ठंड का असर रहेगा

# तेरह जिलों में बारिश के आसार भोपाल और इंदौर में बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश के आसार हैं। जबलपुर समेत 13 जिलों में बारिश हो सकती है। ग्वालियर-चंबल संभाग में बर्फीली हवाएं चलेंगी, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में ठंड का असर रहेगा। जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, कटनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में कहीं-कहीं बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से में जहां बारिश और बादल रहेंगे।

वहीं, उत्तर और पश्चिमी हिस्से में ठंड का असर बढ़ जाएगा। बर्फीली हवाएं ग्वालियर-चंबल में सीधे आएंगी, जिससे यह ठिठुर सकता है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन में भी तेज ठंड का असर रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से इन इलाकों और पहाड़ों पर मौसम बदल सकता है। इस दौरान पहाड़ों पर बर्फबारी भी हो सकती है। ऐसा होने पर बर्फ पिघलने के बाद बर्फीली हवा प्रदेश में आएगी। वहीं, 9 दिसंबर को पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।



रविवार को बोट क्लब पर्यटकों से गुलजार रहा।

### भोपाल में खिली धूप

भोपाल में पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में हल्की गिरावट आई है। शनिवार को दिन का तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान भी 2 डिग्री लुढ़ककर 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से फिर भी 2 डिग्री ज्यादा है।

### 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर

प्रदेश में पंद्रह दिसंबर तक मौसम में ऐसा ही उतार-चढ़ाव रहेगा। कभी तेज ठंड, कभी बारिश तो कभी बादल छाए रहेंगे। कड़ाके की ठंड का दौर 20 दिसंबर से शुरू होगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन शीत लहर भी चल सकती है। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी।



## मनाया जाने लगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

# दिसंबर महीने का दूसरा रविवार रहा यूथ को समर्पित, चर्चों में हुई प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी में मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाने लगा है। शहर के सभी चर्चों में दिसंबर माह का दूसरे रविवार पर प्रोजेस्टेंट मसीही समाज यूथ को समर्पित रहा। वहीं कैथोलिक चर्च ने इस दिन को पीस यानि शांति के रूप में मनाया। इस अवसर पर शहर के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया गया। गोविंदपुरा स्थित सेंट जोंस चर्च के फादर अनिल मार्टिन ने बताया कि चर्च में प्रभु यीशु के आगमन पर विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगमन के दूसरे रविवार सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में युवक युवतियों संग रविवार मनाया गया। जिसमें सन्डे स्कूल के विद्यार्थी एवं युवक और युवतियों ने अपने द्वारा से विशेष प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

### पवित्र बाइबल में यह संदेश

जिसमें पवित्र बाइबल की धर्म शिक्षा में यह संदेश रेवरेंट डॉक्टर अनिल मार्टिन के द्वारा दिया गया कि जवान दूरदर्शनों में बच्चे रहकर सांसारिक आकर्षणों, मोबाइल, फेसबुक इंस्टाग्राम इन सब बातों से परे हटकर सब समाज में अपने द्वारा महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें। माता-पिता बुजुर्गों का आदर करें, समाज की हर जिम्मेदारी उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें। साथ ही समाज और देश के विकास और उन्नति में प्रभु यीशु मसीह के द्वारा से दी गई शिक्षाओं से प्रेम त्याग बलिदान सेवा एवं कर्तव्य प्रेरणा सें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का भव्य स्तर पर आयोजन

# नैतिकता न केवल मीडिया, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

नैतिकता की आवश्यकता न केवल मीडिया को है बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। नैतिकता एवं जवाबदेही की बातें केवल मीडिया तक सीमित न रहें बल्कि हर व्यक्ति तक जानी चाहिए। उक्त विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ब्लेसिंग हाउस में मंत्री विश्वास सारंग ने व्यक्त किए। जबकि निदेशिका डॉ. रीना ने कहा कि आज समाज में चौतरफा नैतिक मूल्यों की गिरावट हुई है, उसकी रोकथाम के लिए पारिवारिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं अध्यात्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना तथा जन जागृति की आवश्यकता है। कार्यक्रम में हरिभूमि समाचार पत्र की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

### हरिभूमि की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित



## भदभदा विश्राम घाट के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने चौधरी

*कोरोना काल में पीड़ितों के लिए समिति ने निभाई हमदर्द की भूमिका*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शहर के भदभदा विश्राम घाट की आम सभा बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे नीलबड़ स्थित अरुणोदय बरखेड़ी में हुई। समिति सचिव मम्तेश शर्मा ने 2019 से 2024 तक के प्रबंधन और दानदाताओं के सहयोग से किए गए विकास कार्यों, कोरोना काल में मृत देह को लेकर आने वाले परिजनों को लॉकडाउन में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना। भदभदा कैंपस में रक्तदान शिविर, गोशाला संचालन जैसे सेवाभावी कार्यों का उल्लेख भी किया। उन्होंने आगामी 5 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया एवं सम्मानित सदस्यों से विश्रामघाट की बेहतरी के लिए सुझाव मांगे।



### बैठक में नाम का किया अनुमोदन

बैठक में समिति के वरिष्ठ संरक्षक एसएस रघुवंशी, पांडुरंग नामदेव, राधेश्याम अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए अरुण चौधरी का नाम प्रस्तावित किया, जिसके समर्थन में जस्टिस अरुण शर्मा, मप्र बार एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व जिला जज जेपी राव, अजय दुबे, जितेंद्र कंसाना ने अनुमोदन किया। सभी सदस्यों ने इसे पारित

## तारण जयंती पर निकली शोभायात्रा

**भोपाल।** राजधानी में रविवार को आध्यात्मवादी, भाव लिंगी संत शिरोमणी गुरूवर तारण स्वामी की जन्म जयंती मनाई गई। इस दौरान ध्वजा रोहण, मंदिर विधि के उपरान्त चांदी की पालकी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिला, पुरुष, बालक-बालिकाओं ने बड़ी संख्या में जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में भूतपूर्व एवं वर्तमान समाज अध्यक्षों का एवं सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान पत्र, शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महानगर समिति के अध्यक्ष सवाई सेठ विजय तारण, समिति के महामंत्री शैलेंद्र समैया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रकाश, कोषाध्यक्ष आभाष जैन, मीडिया प्रभारी जतिन जैन, चैत्यालय समिति अशोका गार्डन के अध्यक्ष संदीप जैन के साथ ही समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

■ चांदी की पालकी में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

## शक्तिपीठ पर हुई बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

कार्यक्रम को लेकर भव्य तैयारी

# मंडीदीप में 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ को लेकर 24 समितियों का गठन

शहर के कार्यकर्ताओं की बैठक को लेकर प्रगति की समीक्षा की | शांतिकुंज से आए प्रतिनिधियों ने दिया मार्गदर्शन, किया उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मंडीदीप में 13 से 16 जनवरी तक होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हो, इसलिए गायत्री परिवार के भोपाल जिले के सक्रिय राजधानी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की। महायज्ञ की व्यवस्थाओं से जुड़ी 24 व्यवस्था समितियों में कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं के नाम निर्धारित कर सभी समितियों को अपने-अपने दायित्वों का बोध कराते हुए जवाबदारी दी गई। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद कुलमी ने प्रचार-प्रसार की समीक्षा करते हुए शांतिकुंज का मार्गदर्शन देते हुए उत्साहवर्धन किया।

### शक्तिपीठ प्रभारी गुप्ता ने यज्ञकार्य के लिए समयदान को जरूरी बताया

जोन समन्वयक मप्र राजेश पटेल ने कार्यकर्ताओं को श्रम, संयम और उत्साह के साथ अपने धन साधन लगाने हेतु आह्वान किया। शक्तिपीठ प्रभारी आरके गुप्ता ने यज्ञकार्य हेतु समयदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर गायत्री परिवार भोपाल के जिला संयोजक श्याम शर्मा, जिला रायसेन की संयोजिका बबली धाकड़, उपजोन प्रभारी आरपी हजारी तथा रायसेन एवं भोपाल जिले के लगभग 200 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 9306 स्कूलों में चलाया जा रहा उमंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

**छात्रों को जीवन कौशल की दी जा रही है शिक्षा**

स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के 9 हजार 306 स्कूलों में हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान, माध्यमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से मिलकर उमंग कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र और छात्राओं में बेहतर जीवन कौशल विकसित करना है। उमंग कार्यक्रम के मॉड्यूल में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, पोषण, जेण्डर, हिंसा, कम उम्र में विवाह, यौन उत्पीड़न और शोषण, घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को शामिल किया गया है। उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम के जरिये स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान विकसित करने के उद्देश्य से यूएनएफपीए के सहयोग से 10 पोस्टर निर्मित किये गये हैं।

## रोजाना 60 से 70 कैडेट कर रहे पैरासेलिंग, कैडेट रोमांचित

# 500 कैडेट्स के लिए पैरा सेलिंग गतिविधि करा रहा एनसीसी, हवा में उड़ने का लिया आनंद

दशहरा ग्राउंड में 16 तक आयोजित की जाएंगी पैरासेलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमपी और सीजी) निदेशालय भोपाल में 500 एनसीसी कैडेटों के लिए पैरा सेलिंग गतिविधि का आयोजन कर रहा है, ताकि उन्हें साहसिक गतिविधियों के एक भाग के रूप में हवा में उड़ने का मौका मिल सके। मेजर जनरल विक्रांत एम धूमने, एडीजी, एमपी एवं सीजी डीटीई के मार्गदर्शन में पैरासेलिंग गतिविधि को प्रेरक रूप से योजनाबद्ध किया जा रहा है। ग्राउंड पर पैरासेलिंग का संचालन ब्रिगेडियर अजीत सिंह के नेतृत्व में भोपाल एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। पैरासेलिंग 16 दिसम्बर तक दशहरा ग्राउंड में की जाएगी। लियो एडवेंचर एक नोडल एजेंसी है जो पैरासेलिंग गतिविधि का संचालन कर रही है। रोजाना 60-70 कैडेट पैरासेलिंग कर रहे हैं। हवा में उड़ने के रोमांच से कैडेट रोमांचित हैं।





## खबर संक्षेप

### पंकज स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन

**भोपाल।** पंकज कुमार श्रीवास्तव विशेष पुलिस महानिदेशक एसटीएफ को स्पेशल एंटी नक्सल ऑपरेशन बनाया गया है। वहीं एसटीएफ का उनके पास अतिरिक्त प्रभार रहेगा। आदर्श कांत शुक्ला एसडीओपी बामौर को एएसपी एंटी नक्सल ऑपरेशन बनाया गया है।

### विजयपुर पहुंचे पटवारी ने लोगों का जताया आभार

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार को विजयपुर विधानसभा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मंडी प्रांगण में जन आभार सभा को संबोधित किया। साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा की जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विजयपुर के मतदाताओं ने मन से मत देकर लोकतंत्र व संविधान को बचाने का ऐतिहासिक संदेश दिया है। उप चुनाव में विजयपुर में कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता ने जी-जान से जमीनी संघर्ष किया। शासन और प्रशासन के खिलाफ खुली लड़ाई लड़ी। इस ऐतिहासिक जीत के नायक, कर्मठ कार्यकर्ताओं को मैं वंदन करता हूं।



### आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष बने सिंघार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश स्तरीय साधारण सभा की बैठक में मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक उमंग सिंघार सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में ही परिषद के सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को परिषद का अध्यक्ष चुन लिया है। गौरतलब है कि उमंग सिंघार मध्यप्रदेश में हमेशा आदिवासियों और किसानों की समस्याओं को लेकर विधानसभा से सड़क तक मुखर रहते हैं।



### आश्रित परिवारों की बहाल करें परिवार पेंशन

**भोपाल।** मृतक शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों को परिवार पेंशन का लाभ आज तक नहीं दिया गया है। प्रदेश में आकस्मिक निधन शिक्षक, कर्मचारी-अधिकारी सभी विभागों के हो रहे हैं, पर उनके आश्रित परिवारों को पेंशन नहीं मिल रही है। रविवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के पदाधिकारियों की बैठक विधायक विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में परमानंद डेहरिया राष्ट्रीय सचिव, एसएस पटेल ने बताया कि भारत का राज पत्र की अधिसूचना के अनुक्रम में मध्यप्रदेश शासन को आदेश करना चाहिए। कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि मध्यप्रदेश शासन को परिवार पेंशन बहाल अविलंब करें। सरकार को अविलंब पुरानी पेंशन बहाली की अधिसूचना जारी करना चाहिए। बैठक में पदाधिकारियों में गोपाल बंजारी, माखन सिंह परमार, रामलाल सेन, जयसिंह पटेल, मोहक कुमार गहलोत, श्याम राय, मनोज चरपोटा, वाल्मीकि अहीरे सहित कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए।

# भोपाल में गीता जयंती पर 6 हजार बटुकों के सस्वर गीता पाठ से बनेगा विश्व रिकॉर्ड

**मंत्री काश्यप ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं गीता जयंती की तैयारियों की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 11 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, जनकल्याण पर्व एवं लाल परेड मैदान में गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की रविवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने समीक्षा की।

मंत्री काश्यप ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की शुरुआत 11 दिसंबर से की जाएगी, जो 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के दिन संपन्न होगा। इस दौरान 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व भी मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां समय सीमा में करने के निर्देश भी मंत्री काश्यप ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लाल परेड मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में 6000 बटुक एक साथ सस्वर गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**खास बातें**

- लाल परेड मैदान में होगा आयोजन
- प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाए : काश्यप
- हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाएगा



मंत्री काश्यप ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

**लाड़ली बहनों के खाते में पहुंचेगी राशि**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की पात्र बहनों को दिसंबर माह की राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। मंत्री काश्यप ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और हर स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।*

**यह भी रहे उपस्थित**

बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नवरंग गुर्जर,नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मप्र में 11 से शुरू होगा जन कल्याण अभियान और जन कल्याण पर्व: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# युवा, नारी, किसान और गरीब कल्याण को समर्पित होगा जन-कल्याण अभियान

**01** योजनाओं में वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे कर होगा चिन्हांकन

**02** अभियान की सीएम हेल्पलाइन डेशबोर्ड पर होगी मॉनीटरिंग

**03** मुख्यमंत्री ने की जन-कल्याण अभियान और पर्व की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिए प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जाएगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गई। योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 से 26 दिसम्बर तक प्रदेश में जन-कल्याण पर्व भी मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों की गतिविधियों और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी होगा। राज्य शासन की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व में होने वाली गतिविधियों की कार्य.योजना पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। अभियान अंतर्गत गतिविधियों की सीएम हेल्पलाइन डेशबोर्ड पर मॉनीटरिंग की जाएगी, जिसे मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं विभाग के अधिकारी भी देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान 3 की अवधि 26 जनवरी 2025 तक के लिए बढ़ाई जाए।



**वंचित नागरिकों को चिन्हांकित किया जाएगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-कल्याण अभियान के लिए समय-सीमा में अधिकारी-कर्मचारियों के सम्पर्क दल के गठन और योजनाओं के लाभ से वंचित नागरिकों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। अभियान अंतर्गत लगने वाले शिविरों का निर्धारण जिले के प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।

**लाड़ली बहना योजना की राशि वितरण से होगा अभियान शुरू**

*जन-कल्याण पर्व का शुभारंभ 11 दिसम्बर को भोपाल में लाड़ली बहना योजना की राशि वितरण से किया जाएगा। साथ गीता जयंती पर वृहद गीता का पाठ होगा। पर्व अवधि में अलीराजपुर की सांडवा माईक्रो सिंचाई योजना का भूमिपूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी, भोपाल, सीहोर एवं रायसेन से युवाओं की रातापानी अभयारण्य के निकट बाइक रैली, अक्षयपात्र कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण, ग्वालियर में तानसेन समारोह अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण और महाराजा जीवाजी राव सिंधिया की मूर्ति का अनावरण होगा। जबलपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण, उमरिया गांव में गोशाला का भूमिपूजन, वृहद युवा संवाद स्वरोजगार, वन मेले का शुभारंभ, पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो परियोजना का शुभारंभ, पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन, डॉ. बीआर आम्बेडकर यूनिवर्सिटी इंदौर में दीक्षांत समारोह, खण्डवा-ओंकारेश्वर में सोलर पार्क का लोकार्पण, उज्जैन में आईटी पार्क का भूमिपूजन, भोपाल में खेल प्रोत्साहन कार्यक्रम, विभिन्न योजनाओं के तहत कई जिलों में कार्यक्रम होंगे। वहीं पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह स्मृति में कैबिनेट बैठक और भोपाल के रविन्द्र भवन में छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक 47 दिन चलने वाले मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान में प्रत्येक जिले में अंतरविभागीय अधिकारी और कर्मचारियों के दल गठित किए जाएंगे।*

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगेंगे शिविर**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान अवधि में शहरी और ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। आयुष्मान योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के कार्ड बनाए जाएंगे।

**राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां की जाएंगी साझा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 13 दिसम्बर को मध्यप्रदेश सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भोपाल संभाग में 630 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। भोपाल, सीहोर एवं रायसेन से युवाओं की रातापानी अभयारण से लेकर नगर के गोलजोड़ तक बाइक रैली आयोजित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के पिछले एक वर्ष में जनहितकारी कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रदर्शनी प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर लगाई जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 2025 में आयोजित होने जा रहे इंडस्ट्रीज कान्क्लेव के लोगों का अनावरण एवं थीम लांच की जाएगी। मध्यप्रदेश पुलिस के बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री डॉ. राजेश राजौरा ने अभियान एवं पर्व पर किए जाने वाले कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में वर्चुअल शामिल हुए उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव उपस्थित थे।

**गोबर हस्तशिल्प कार्यशाला का समापन**

## आय बढ़ाने और गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने दी गोबर उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के दक्षिण पन्ना वन मंडल के आयोजित गोबर हस्तशिल्प उत्पादन संबंधित तीन-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण वन विभाग के ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत स्थानीय जीविकोपार्जन विकास के लिए किया गया था।

इस प्रयास को गो-शालाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़, सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी एक पहल माना गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत विद्यासागर गोवंश समिति गोशाला में आयोजित की गई थी।

इसमें पवई और मोहन्द्रा क्षेत्र के लगभग 50 प्रशिक्षु प्रतिभागियों ने भाग लिया। ग्रामीणों को गोबर से बनाए जाने वाले विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों के बारे में सिखाने के लिए वन विभाग ने स्वानंद गोविज्ञान के संस्थापक जितेंद्र भकने को आमंत्रित किया था। ग्रामीणों को उत्पादों की मार्केटिंग पर मागदर्शन देने के लिए गो-इरा स्टार्टअप की फाउंडर कृति अग्रवाल को भी आमंत्रित किया।

प्रतिभागियों ने कार्यशाला में गोबर से गणेश, आदियोगी एवं भगवान बुद्ध की मूर्तियां, माता लक्ष्मी के चरण, मोबाइल होल्डर, तथा साज सज्जा के कई आकर्षक आइटम्स बनाना सीखा।

पवई उप वनमण्डल अधिकारी कल्पना तिवारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने कार्यशाला का पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन किया। इस दौरान सफल डिप्टी रेंजर बी के खरे, वनरक्षक दिनेश राठौर, वनरक्षक जयप्रकाश नारायण दुबे, एवं वन रक्षक मनीष वर्मा उपस्थित रहे।

**टाइगर रिजर्व के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि**

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक को टीओएफटी अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा को जलवायु संरक्षण थीम के अंतर्गत प्रतिष्ठित टीओएफ टाइगर्स ट्रेवल अवॉर्ड संस्था ने नई दिल्ली में उप विजेता के रूप में सम्मानित किया।

यह अवॉर्ड टाइगर रिजर्व के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उप संचालक के पद पर पदस्थ वर्मा को अखिल भारतीय स्तर पर वन्य-जीवन संरक्षण से जुड़ी संस्था टीएफटी ने ऑफ द ईयर-2024 अवॉर्ड से सम्मानित किया।



## एसीएस मंडलोई ने किया लोड डिस्पेच सेंटर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में नयागांव स्थित लोड डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। मंडलोई ने निरीक्षण के दौरान स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर की साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जानकारी ली।

मंडलोई को बताया गया कि इस संबंध में मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की साइबर सिक्योरिटी संबंधित प्रक्रियाओं को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अन्य प्रदेशों के लोड डिस्पैच सेंटरों को अनुपालन करने की सलाह दी गई है। मंडलोई ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर में अत्याधुनिक तकनीक के उपकरणों की सहायता से प्रदेश की विद्युत प्रणाली के रियल टाइम मॉनिटरिंग, समूचे प्रदेश एवं ग्रिड के सब-स्टशेनों से आने वाले डेटा, ग्रिड अनुशासन, एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब-स्टेशनों के लोड पैटर्न, एनर्जी अकाउंटिंग, ओपन एक्सेस आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए।



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

## विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के विषय में कांग्रेस की प्रायोजित खबरें निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के विषय में कांग्रेस निराधार एवं भ्रामक खबरें प्रायोजित कर रही है।

भाजप का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते प्रदेश नेतृत्व व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट सूचित करना चाहता हूं कि इस तरह के आधारहीन, तथ्यहीन व भ्रामक विषयों पर प्रतिक्रिया व टिप्पणी न करें। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सम्मानित केंद्रीय मंत्री हैं। जनसंघ से पार्टी तक सिंधिया परिवार का पारिवारिक नाता है। विजयपुर उपचुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक नेतृत्व के आधार पर मजबूती के साथ लड़ा था और पिछले विधानसभा चुनाव से अधिक मत प्राप्त किए। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के नेतृत्व में देश में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार मप्र को स्वर्णिम बनाने के लिए संकल्पित है।



## भविष्य सुरक्षित कराने अतिथि शिक्षकों ने शुरू किया ज्ञापन सौंपने का अभियान

**भोपाल में मंत्री सारंग के अलावा गौर, शर्मा और सबनानी को ज्ञापन सौंपे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विष्य सुरक्षित कराने सहित विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश के अतिथि शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। राजधानी में कुछ माह पूर्व बड़े प्रदर्शन के बाद अब अतिथि शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपने का अभियान शुरू किया है।

प्रदेशभर में अतिथि शिक्षक मंत्री, विधायकों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रख रहे हैं। रविवार को भोपाल में अतिथि शिक्षकों के एक दल ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री और विधायकों को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान आजाद अतिथि शिक्षक संघ से सुमित पाठक ने मंत्री विश्वास सारंग के अलावा कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा और भगवान दास सबनानी को ज्ञापन सौंपे। इसमें उन्होंने कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित कराने जैसी मांग की। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि मप्र के शासकीय स्कूलों में अल्प मानदेय पर अतिथि शिक्षक 15-16 सालों से ईमानदारी के साथ सेवा देते आ रहे हैं, लेकिन आज तक भविष्य अंधकारमय बना हुआ है।

**यह हैं मांगें**

अतिथि शिक्षकों की मांग है कि 2 सितंबर 2020 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में हुई समस्त घोषणाओं के आदेश तत्काल जारी करने का प्रस्ताव पारित किया जाए। समस्त शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में से किसी भी एक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव और वरिष्ठता का लाभ देते हुए सीधे नियमित शिक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हो। जब तक विभागीय परीक्षा नहीं होती। तब तक 12 महीने का सेवाकाल एवं 65 साल की उम्र तक पद स्थायित्व करने की मांग की है।

## खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के आयोजक पर व्यापारी ने लगाया 33 लाख रुपए नहीं देने का आरोप

*विजयवर्गीय के सामने बोला- पैसे नहीं मिले तो सीएम के सामने कर लूंगा आत्महत्या*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो में चल रहे दसवें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के आयोजक और अभिनेता राजा बुंदेला पर एक व्यापारी ने 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने धमकी दी है कि अगर राजा बुंदेला उसके पैसे नहीं देंगे तो वह सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने आत्मदाह कर लेगा।

यह बात खजुराहो पहुंचे कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सामने शिकायतकर्ता और व्यापारी साकेत गुप्ता ने उस समय कही, जब वो प्रेस कांफ्रेस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। व्यापारी गुप्ता ने बताया कि अभिनेता राजा बुंदेला ने उनसे फिल्म फेस्टिवल और ओरछा राम उत्सव के लिए टिकट बुकिंग और ट्रांसपोर्ट का काम करवाया था। इस काम के 33 लाख रुपए हुए थे, जिसे वे चुका नहीं रहे हैं। साकेत ने बताया कि वह लगातार बुंदेला से संपर्क कर पैसे की बात करते हैं, लेकिन वह उन्हें हर बार एक अलग तारीख देकर टाल देते हैं। इसीलिए उन्होंने बुंदेला की शिकायत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सामने की। व्यापारी ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो भी सार्वजनिक किए, जिसमे उनकी और राजा बुंदेला पेमेंट को लेकर बात हो रही है। साथ ही उसने संबंधित थाने में भी शिकायत की, हालांकि, राजा बुंदेला की तरफ से खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के लेटर हेड पर थाने में उल्टा शिकायतकर्ता के खिलाफ आवेदन दिया है। बता दें पहले भी व्यवसायियों द्वारा उनकी अनदेखी करने का आरोप लगा है।

**एकझिरा गांव की अनुसुईया ने केले के रेशों से बुना सपनों का ताना-बाना**

# लंदन तक पहुंची मध्य प्रदेश के बुरहानपुर की टोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश का बुरहानपुर केले की खेती के लिए प्रसिद्ध है, अब अपने नवाचारों के लिए भी जाना जा रहा है। यहां की महिलाओं ने अपने हुनर से न केवल अपने जीवन को संवारा, बल्कि जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

इन महिलाओं में से एक हैं एकझिरा गांव की अनुसुईया चौहान, जिन्होंने केले के तने के रेशे से टोपी बनाकर लंदन तक अपनी पहचान बनाई है। बुरहानपुर में हाल ही में आयोजित बनाना फेस्टिवल ने अनुसुईया दीदी को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी।

**खास बातें**

- गांव में चौहान ने केले की खेती सीखी
- स्व-सहायता समूह से जुड़ी, केले के तने का उपयोग किया

**आजीविका मिशन ने दी नई दिशा**

*अनुसुईया दीदी का जीवन बदलने की कहानी आजीविका मिशन से शुरू होती है। लव-कुश स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने केले की खेती के साथ-साथ केले के तने का भी उपयोग करना शुरू किया। मिशन के सहयोग से उन्होंने रेशा निकालने की मशीन खरीदी और तने से रेशा निकालकर टोपी बनाने का काम शुरू किया। केले के तने से रेशा निकालने, उसे सुखाने और बुनाई करने के बाद विभिन्न आकार और डिजाइन की टोपियां तैयार की जाती हैं। इन टोपियों की कीमत 1100 से 1200 रुपए तक होती है। अनुसुईया दीदी अपने परिवार के साथ मिलकर यह कार्य करती हैं। इस काम से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि उन्होंने अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।*



**सरकार के प्रयास**

*बुरहानपुर जिले में सरकार की मंशा के अनुसार, स्व सहायता समूह की महिलाओं को ₹लखपति दीदी₹ बनाने का प्रयास जारी है। अनुसुईया दीदी इस सपने को साकार करने वाली मिसाल बन चुकी हैं। उनका कहना है, ₹जब हुनर को सही मंच मिलता है, तो सपने भी साकार होते हैं। अनुसुईया दीदी द्वारा बनाई गई टोपियां लंदन तक पहुंची हैं। लालबाग क्षेत्र के परिवार के सदस्यों ने यह टोपियां खरीदीं और विदेश तक पहुंचाया।*

खबर संक्षेप

## हिंडालको ने हितग्राहियों को बांटे राइस हस्क स्टोव

सिंगरौली। हिंडालको महान के सीएसआर विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 200 हितग्राहियों को राइस हस्क स्टोव वितरित किए। यह कार्यक्रम बरैनिया सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, जहां 170 हितग्राहियों को स्टोव प्रदान किए गए। इससे पहले ग्राम पोखरा के ग्राम संगठन कार्यालय में 30 महिलाओं को यह धुआं रहित चूल्हा प्रदान किया गया था।



## साई लाइफ साइंसेज का आईपीओ 11 को खुलेगा

मुंबई। साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। आवंटन 16 दिसंबर, 2024 को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है, जबकि लिस्टिंग 18 दिसंबर, 2024 को बीएसई और एनएसई पर निर्धारित है। इस ऑफर में कंपनी द्वारा 9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 38,116,934 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है।

## सर्वेश्वर को 498 मिलियन का निर्यात ऑर्डर मिला

नई दिल्ली । प्रीमियम बासमती चावल आपूर्तिकर्ताओं में से एक सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने यूएसए की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इकाइयों में से एक आई सिफोल एलएलसी से सफलतापूर्वक 5,350 मीट्रिक टन बासमती चावल के निर्यात का आदेश प्राप्त किया है, जिसकी मूल्य 5.84 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 498 मिलियन रुपए) है। आई सिफोल एलएलसी का न्यूयॉर्क में 2008 में स्थापना हुई थी और यह एक प्रसिद्ध ब्रांड प्रतिनिधि और वितरक है, जिसका समर्पण उत्कृष्टता और पूरे अमेरिका में एक मजबूत राष्ट्रीय वितरण नेटवर्क है। आई सिफोल 1,000 से अधिक पारंपरिक रिटेल आउटलेट्स और 1,500 से अधिक पारंपरिक रेस्टोरेंट्स तक पहुंचता है।

## ईस्टमैन ने लांच की इन्वर्टर बैटरी रेंज

नई दिल्ली। पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170 से अधिक स्टॉक कीपिंग यूनिट्स के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और एडीडीओ ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100एएच से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400एएच तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे।

## ग्रो म्यूचुअल टीम ने पेश किया ग्रो मल्टीकैप फंड

भोपाल। ग्रो म्यूचुअल फंड ने राजधानी में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जहां ग्रो म्यूचुअल फंड टीम ने ग्रो मल्टीकैप फंड पेश किया। यह एक ऐसा फंड है, जिसे सभी मार्केट कैप (लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप) में निवेशकों को एक्सपोजर देने के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रो म्यूचुअल फंड में सेल्स और डिस्ट्रीब्यूशन के हैड मनीष रंजन ने बताया इस कार्यक्रम के दौरान म्यूचुअल फंड वितरकों को इस बारे में जानकारी दी गई कि कैसे एक मल्टी-कैप विजन देश के उभरते आर्थिक परिदृश्य को पकड़ने का प्रयास करता है, जिससे उन्हें अपने ग्राहकों को बेहतर मार्गदर्शन करने में मदद मिलती है।

# रिजर्व बैंक ने सबसे ज्यादा 27 टन सोना खरीदा

## देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 882 टन पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में सबसे ज्यादा 27 टन सोना रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस साल अक्टूबर में खरीदा है। इसके साथ ही देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 882 टन पहुंच गया है, जिसमें से 510 टन सोना देश में ही मौजूद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने कुल 60 टन सोना खरीदा। रिजर्व बैंक ने सबसे ज्यादा 27 टन सोना खरीदा। इसके बाद तुर्किये का केंद्रीय बैंक 17 टन सोना के साथ भारत के आरबीआई के बाद दूसरी और पोलैंड 8 टन सोना के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**खास बातें**

- भारत के आरबीआई के बाद पोलैंड 8 टन सोना के साथ तीसरे स्थान पर
- केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी में अपना दबदबा कायम रखा




### वैश्विक स्वर्ण खरीदारी में तीन देशों की रही 60 फीसदी हिस्सेदारी

*रिपोर्ट के मुताबिक भारत, तुर्किये और पोलैंड के केंद्रीय बैंकों की कुल वैश्विक स्वर्ण खरीदारी में 60 फीसदी हिस्सेदारी रही है। चीन का केंद्रीय बैंक सोना खरीदने के मामले में चौथे और अजरबैजान पांचवें स्थान पर रहा। कजाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने लगातार पांच महीने तक सोना बेचने के बाद अक्टूबर में पहली बार खरीदारी की।*

### पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच गुना ज्यादा हुई सोने की खरीदी

*अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मासिक रिपोर्ट पर आधारित डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार उभरते देशों के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी में अपना दबदबा कायम रखा है। आरबीआई ने इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक कुल 77 टन सोना खरीदा है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच गुना ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान तुर्किये ने अपने स्वर्ण भंडार में 72 टन और पोलैंड ने 62 टन सोने की बढ़ोतरी की है। वहीं, सिंगापुर समेत कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने अक्टूबर में सोना बेचा है। इनमें जर्मनी, मंगोलिया, जॉर्डन, थाईलैंड और फिलीपीन भी शामिल हैं।*

## देश का सबसे बड़ा 'हवाई झूला' भोपाल उत्सव मेले में

# मेला स्थल में घर-गृहस्थी के सभी साजो सामान, रोजाना उमड़ रही भारी भीड़

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे मेले में भारी भीड़ उमड़ रही है। परिवार सहित लोग यहां पहुंच रहे हैं। मेले में मौत का कुआं भी है, यहां पर 6 बाइक और एक -2 कारें लोगों का मनोरंजन कर रही है। मुख्य आकर्षण का केंद्र कश्मीर की वादियां है। इसमें कूलिंग को मेंटेन किया जाएगा। जिससे वहां बर्फ गिरने का भी अहसास होगा। इस पंडाल में जाने पर कश्मीर जैसा महसूस होगा। इसके अलावा देश का सबसे बड़ा हवाई झूला भी भोपाल उत्सव मेले में लगा है। भोपाल मेला समिति महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि यहां भारत का सबसे बड़ा मारुति सर्कस भी है। इसकी हाइट करीब 60 फीट है लोगों के आकर्षण केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा मेला स्थल पर फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटो मोबाइल, घरेलू उपकरण, हैंडलूम के स्टॉल्स रहेंगे, जिन पर लोग खरीदारी कर सकेंगे।

जैनाविन ने कहा कि मेला में हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों समां बंध रही है तो कवि सम्मेलन, फिल्म स्टार नाइट, लॉफ्टर शो, गजल, सिंगिंग एंड डांस कॉम्पिटिशन और भी कई तरह के आयोजन मेला स्थल पर आयोजित किए जा रहे हैं। सुनील

### मेला समिति की सेवा के कार्यों के लिए भी है ख्याति

बताते हैं कि रोजाना तीन से चार हजार परिवार आते हैं। वीकेंड या छुट्टी पर यह संख्या 5 हजार से अधिक हो जाती है। कुल 40 दिन के दौरान 25-30 लाख लोग मेला देखने आते हैं। उन्होंने बताया कि मेला समिति सेवा के कार्यों के लिए ख्याति प्राप्त हासिल किए हुए। समिति द्वारा कृत्रिम अंगों के निर्माण, जन्मजात विकलांग बच्चों की सेवा में नेत्र शिविरों का आयोजन हर साल किया जाता है। वहीं लोगों का मोतियाबिंद का इलाज व ऑपरेशन के अलावा स्कूलों में बस्ते जैसे सेवा के कार्य हम करते हैं।

### हर सोमवार को चमकेगी किस्मत

भोपाल उत्सव मेला प्रांगण में पहुंचने वालों खरीदारों की हर सोमवार को किस्मत चमकेगी। क्योंकि मेले में साप्ताहिक लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिभागियों को सोना-चांदी सहित ढेरों उपहार मिलेंगे। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार प्रत्येक 200 की खरीदी पर एक लकी ड्रॉ कूपन दिया जा रहा है। इस लकी ड्रॉ कूपन का ड्रॉ हर सप्ताह सोमवार को शाम 8 बजे निकाला जाएगा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार सोने का सिक्का, दूसरा पुरस्कार चांदी का सिक्का और तीसरा पुरस्कार घरेलू उपकरण सहित पुरस्कार दिए जाएंगे।

## पूर्णिमा विश्वविद्यालय में हुआ 11वां दीक्षांत समारोह

# शिक्षाविद् प्रो.अच्युत सामंत को मिली 62वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और कीट-कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत को पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान से उनके उल्लेखनीय और प्रशंसनीय शैक्षिक पहल और निः स्वार्थ समाजसेवा के बदौलत मानद डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

- डॉ. सामंत ने कहा कि 33 वर्षों से समाज में लोगों के लिए काम कर रहा हूं

यह सम्मान पूर्णिमा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रो.अच्युत सामंत को अब तक मिली 62वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है जो भारत के किसी भी शिक्षाविद् को अबतक मिली एक कीर्तिमान मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। अपनी 62वीं मानद डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करते हुए, डॉ. सामंत ने कहा कि पिछले 33 वर्षों से, मैं समाज में लोगों के लिए लगातार काम कर रहा हूं।

यह मानद डॉक्टरेट मुझे आने वाले समय में हमेशा याद रहेगी। समाज सेवा और शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. सामंत को दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से कई मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि पूर्णिमा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समारोह का हिस्सा बने।




## ग्राहकों को 9.5% तक ब्याज का ऑफर

# एफडी की राह चली, फिनटेक फर्मग्राहकों को 9.5% ब्याज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिनटेक कंपनियां अपनी वित्तीय सेवाओं के दायरे का विस्तार करते हुए सावधि जमा (एफडी) जैसे पारंपरिक बैंकिंग उत्पादों पर ध्यान दे रही हैं। स्टेबल मनी, फ्लिपकार्ट के निवेश वाली सुपरडॉट मनी और मोबिक्विक जैसी नए जमाने की फर्में इस तरह की सेवाएं दे रही हैं।

जिन पर अलग-अलग परिपक्वता अवधि की सावधि जमा पर 9.5 फीसदी तक का ब्याज दिया जा रहा है। यह पहला मौका है जब फिनटेक फर्में एफडी जैसे निवेश साधनों में दिलचस्पी दिखा रही हैं। फिनटेक फर्में लघु वित्त बैंकों, जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और वाणिज्यिक बैंकों के साथ साझेदारी कर इस तरह की सेवाएं मुहैया करा रही हैं। यह एक तरह की निजी साझेदारी है जिसके लिए नियामक से लाइसेंस की जरूरत नहीं होती है। हालांकि नियमों के मुताबिक जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम द्वारा सावधि जमा में 5 लाख रुपए तक का बीमा होता है। वित्तीय सेवाओं में सावधि जमा को शामिल करने की रणनीति है।

# आईटीआर दाखिल करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय, लगेगा 10 हजार रु. का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जिन टैक्सपेयर्स ने अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर ) दाखिल करने की 31 जुलाई की अंतिम तिथि को चूक गए हैं, उनके पास आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआरदाखिल करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय है, जिस पर 5,000 रुपए का विलंब शुल्क देना होगा। इनकम टैक्स की धारा 139(1) के तहत तय तारीख के बाद भरे गए रिटर्न को विलंबित रिटर्न कहा जाता है। हालांकि, विलंबित रिटर्न पर धारा 234F के तहत देरी से दाखिल करने पर शुल्क लगता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 (एवाई 2024-25) के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 थी। यह उन करदाताओं के लिए था, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना पड़ता है। लेट रिटर्न भरने पर किसको कितना जुर्माना देना पड़ता है।

### 31 दिसंबर तक जरूर फाइल कर दें रिटर्न

आयकर विभाग के अनुसार, धारा 234एफ के अनुसार, धारा 139(1) के तहत नियत तिथि के बाद रिटर्न दाखिल करने पर 5,000 रुपए की देरी से फाइलिंग फीस चुकाना होता है। हालांकि, अगर व्यक्ति की कुल आय 5 लाख रुपए से अधिक नहीं है, तो भुगतान की जाने वाली देरी से फाइलिंग फीस की राशि 1,000 रुपए होगी। अगर टैक्सपेयर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने की 31 दिसंबर की समयसीमा चूक जाते हैं, तो जुर्माना राशि बढ़कर 10,000 रुपए हो जाएगी।

# एफडीआई ने बनाया रिकॉर्ड, आंकड़ा 1000 अरब डॉलर के पार पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। एफडीआई का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। दरअसल दुनियाभर के निवेशकों के लिए भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना हुआ है। यही कारण है इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के डेटा के अनुसार एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1033.40 अरब डॉलर रही। डेटा के मुताबिक करीब 25 फीसदी एफडीआई मॉरीशस से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 फीसदी), अमेरिका (10 फीसदी), नीदरलैंड (7 फीसदी), जापान (6 फीसदी), ब्रिटेन (5 फीसदी), यूएई (3 फीसदी) और बाकी दूसरे देशों का नंबर रहा।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार 2014 से भारत ने 667.4 अरब डॉलर (2014-24) का कुल एफडीआई आया। यह कुल एफडीआई (1000 अरब डॉलर) के मुकाबले आधे से ज्यादा है। वहीं पिछले दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी ज्यादा है।

## बिजनेस प्लस

### अजीम प्रेमजी विवि में जलवायु उत्सव के दूसरे संस्करण माउंटेंस ऑफ लाइफ आरंभ



भोपाल। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के वार्षिक जलवायु उत्सव के दूसरे संस्करण माउंटेंस ऑफ लाइफ- को देखने के लिए विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से अब तक 2200 से अधिक विद्यार्थी आ चुके हैं। यह पहाड़ों का एक उत्सव है, जिसे चित्रों, युवा इंटर्न के खींचे हुए फोटो, सिनेमा, शिल्प-कृतियों, संवादी कार्यशालाओं तथा और भी कई तरीकों से जीवंत बनाया गया है। यह उत्सव विश्वविद्यालय के भोपाल कैंपस में मनाया जा रहा है और 9 दिसंबर तक सभी के लिए खुला रहेगा। इसमें प्रवेश के लिए कोई फीस नहीं है। यह उत्सव विद्यार्थियों, कलाकारों, गैर-सरकारी संगठनों, शिक्षकों, युवा पेशेवरों और आम लोगों को एक साथ लाता है। इसके साथ ही यह पहाड़ों में जीने और काम करने वाले समुदायों को अपने अनुभव साझा करने का एक मंच भी देता है। सोमवार की शाम इस उत्सव के खत्म होने तक इस प्रदर्शनी में 4000 से अधिक विद्यार्थियों और आम लोगों के आने की उम्मीद है। इस उत्सव के लिए विश्वविद्यालय ने विद्यार्थी इंटर्न के एक समूह का चुनाव किया था। इस समूह ने देश भर में यात्राएं की और कई तरह की कहानियां जुटाईं हैं। इसमें सावनदुर्ग और चामुंडी हिल में इंसानों और प्रकृति के सह-अस्तित्व की कथाओं से लेकर परंपरा और आधुनिकता के बीच सामंजस्य बनाने की कोशिश करते अरुणाचल प्रदेश के निशी समुदाय की कहानियाँ शामिल हैं। छः दिनों का ये उत्सव समृद्ध और सराबोर कर देने वाले अनुभवों से भरपूर है। यहां शहर में रहने वाले लोगों से लेकर देशज समुदायों तक के विविध दृष्टिकोण मिलेंगे और देश के विभिन्न हिस्सों से आए स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ पहाड़ों के बारे में जाना-समझा जाएगा। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल के वाइस चांसलर गौतम पांडे का कहना है कि हमारे सालाना उत्सव का यह दूसरा संस्करण पहाड़ों की कहानियों को जीवंत बनाता है। यह कार्यक्रम पहाड़ों के साथ हमारे गहरे रिश्ते और पहाड़ों को बचाने की तत्काल जरूरत को महसूस कराता है। इस उत्सव के दौरान हर दिन यूनिवर्सिटी में अलग-अलग जगहों पर कई कार्यक्रम होंगे। इसमें कई संवादी कार्यशालाएं, पैनल डिस्कशन, सिनेमा, लोकगीत, लोककथाएं और फोटो आधारित कहानियों की एक लुभावनी प्रदर्शनी शामिल होगी। इस प्रदर्शनी में भीमबेटका की पुरापाषाणकाल की पेंटिंग्स तथा लद्दाख के पत्थरों पर बनी चित्रकारी से लेकर मिजोरम के मोनोकल्चर प्लांटेशन को एक साथ लाया गया है।

### आईओसी के प्रिजन टू प्राइड के 9वें चरण और नई दिशा का शुभारंभ



नई दिल्ली। जेल के कैदियों और सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास में, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी ने इंडियन ऑयल के परिवर्तन- प्रिजन टू प्राइड के चरण नवें और नई दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करना के चरण छठवें चरण का शुभारंभ किया। इस चरण में इंडियन ऑयल 28 जेलों और 14 सुधार गृहों में 1650 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा। अद्वितीय सामाजिक प्रबंधन कार्यक्रमों के नौवें चरण का उद्घाटन करते हुए, अध्यक्ष ने साझा किया कि उन्हें इस बात पर बेहद गर्व है कि इंडियन ऑयल कैदियों को दूसरा मौका दे रहा है और खेल के रूप में उन्हें उद्देश्य दे रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले 38 महीनों में ये कार्यक्रम 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 150 स्थानों तक पहुंच चुके हैं। 7,300 से ज्यादा लोगों के जीवन पर इसका असर पड़ा है और ये प्रयास इंडियन ऑयल के राष्ट्र पहले के सिद्धांत के अनुरूप हैं, जो व्यापार से परे जाकर सबसे कमजोर लोगों की मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर, भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठे हस्तक्षेप के लिए इंडियन ऑयल को धन्यवाद दिया, जो सुधार गृहों में कैदियों और बच्चों को बेहतर जीवन जीने और समाज में उपयोगी योगदान देने में मदद करेगा। परिवर्तन - जेल से गौरव तक, जिसे 15 अगस्त, 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत के स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के समारोह के साथ लांच किया गया था। निगम ने 26 जनवरी, 2023 को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का पहला चरण भी लांच किया था। आज के लांच के साथ, यह पहल अब दस खेलों के माध्यम से 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 192 स्थानों पर सुधार गृहों में 8950 से अधिक कैदियों और बच्चों को सशक्त बनाती है।

### श्रीसत्य साई विधि महाविद्यालय में कल कानूनी सहायता शिविर

भोपाल। श्री सत्य साईं विधि महिला महाविद्यालय, भोपाल द्वारा 10 दिसंबर 2024 को एक निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करना और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में कानूनी अधिकार, मानव अधिकार, संवैधानिक अधिकार और महिलाओं और बच्चों के अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। शिविर सुबह 10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक महाविद्यालय के परिसर में आयोजित होगा । यह शिविर सभी समुदाय के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देने और उन्हें सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में शिक्षित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। शिविर का आयोजन श्री सत्य साई विधि महिला महाविद्यालय भोपाल में होगा । शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. संध्या श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), मध्य प्रदेश वित्त सेवा ,विशेष अतिथि आरती शर्मा - न्यायाधीश जिला विधिक सहायक प्राधिकरण, विशेष अतिथिः डॉ. मोना पुरोहित _ विभागाध्यक्ष - विधि विभाग - बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, विवेक शुक्ला, सचिव, ओम हेल्थ एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, लिटसन के. स्टीफन, संस्थापक, 'लेगे रिदम्स' लॉ फर्म, डॉ. प्रतिभा सिंह, निदेशक, श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, प्राचार्य, डॉ. मीनेश हिंडोलिया, प्राचार्य और विभागाध्यक्ष, विधि संकाय, श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय उपस्थित रहेंगे।

### कॉर्टेवा एग्रीसाइंस दे रहा कृषि और ग्रामीण समुदायों को प्रोत्साहन

भोपाल। एग्रीकल्चर साइंस और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी कॉर्टेवा एग्रीसाइंस की ओर से भोपाल में आयोजित एक सम्मेलन में महिलाओं के नेतृत्व वाले फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) की सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला किसान, एफपीओ सदस्य, सरकारी हितधारक और कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के विशेषज्ञ उपस्थित थे। इन विशेषज्ञों ने कार्यक्रम के मंच पर कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, स्थिरता के महत्व और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में एफपीओ की क्षमता पर चर्चा की। भारत सरकार ने 2027-28 तक 10,000 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। भारत सरकार का यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र में समृद्धि लाने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका को रेखांकित करता है। कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के प्रयासों भी इसी दिशा में हैं, यहां कॉर्टेवा छोटे किसानों को सही ज्ञान, संसाधन, बाजार और प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनकी मदद कर रहा है।

### एसबीआई ने किया 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार

भोपाल। एसबीआई कार्ड ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डों से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को-ब्रांडेड साझेदारियों तक, रिवाड्र्स-संचालित और जीवनशैली-केंद्रित आफरों तक, एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25 फीसदी सीएजीआर और स्पेंड्स में 26फीसदी सीएजीआर की मजबूत वृद्धि देखी है। एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि एसबीआई कार्ड ब्रांड लाइफ को आसान बनाएं के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है।

### एसीसी ने श्रमिक को बनाया सफल ठेकेदार

भोपाल। एसीसी के उत्पादों और सेवाओं ने सीधी के रहने वाले रजनीश कोरी को एक निर्माण श्रमिक से एक सफल ठेकेदार बनने में मदद की। उन्होंने 18 साल पहले एक श्रमिक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था, तो वे सही तकनीक सीखने और अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अपनी साइट पर आने वाले एसीसी इंजीनियरों से प्रशिक्षण लेते रहते थे। रजनीश की प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और सीखने की क्षमता को देखते हुए, जब उन्होंने ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू किया, तो एसीसी इंजीनियरों ने उनका भरपूर समर्थन किया। अपनी साइटों पर एसीसी इंजीनियरों की देखरेख में, उनके काम की गुणवत्ता अच्छी तरह से जानी जाने लगी और उन्हें वर्षों से बड़ी परियोजनाएं मिलती रहीं। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में कम से कम 6 इमारतें निर्माणाधीन हैं, जहां उनके कर्मचारियों की टीम अत्याधुनिक एसीसी प्रमाणित प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। वह अपनी सभी साइटों पर केवल एसीसी उत्पादों और तकनीकी सेवाओं के उच्च मानक पर भरोसा करते हैं। रजनीश कोरी की कहानी एसीसी के प्रतिष्ठित ब्रांड के लिए एक वसीयतनामा है, जो लंबे समय तक चलने वाले घरों के निर्माण के लिए सबसे समर्पित, टिकाऊ और अभिनव दृष्टिकोण अपनाता है।

### निसान ने किया पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र 'निसान एकेडमी' का उद्घाटन

चेन्नई। निसान मोटर इंडिया ने निसान एकेडमी के रूप में अपना पहला अत्याधुनिक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का एलान किया है। यह एकेडमी चेन्नई स्थित अलायंस जेवी प्लांट में खोली गई है। एकेडमी के माध्यम से देशभर में निसान डीलरशिप एवं सर्विस स्टाफ नेटवर्क का कौशल निखारा जाएगा और उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। इससे ग्राहकों को अनूठा अनुभव देने की निसान की प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी। निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं डीवीपी एएमआईईओ फ्रैंक टोरेस ने एकेडमी का उद्घाटन किया। 10,500 वर्ग फीट में बनी इस एकेडमी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे निसान मोटर इंडिया डीलरशिप टीमों को सेल्स, टेक्निकल मेंटेनेंस और बॉडी शॉप सर्विस के मामले में शीर्ष स्तर का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। वाहनों की रिपेयरिंग, जांच-पड़ताल और एग्रिगेट ओवरहॉलिंग की हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के लिए इस एकेडमी में एडवांस्ड मैकेनिकल वर्कशॉप की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, इसमें अत्याधुनिक बॉडी शॉप की व्यवस्था की गई है, जिसमें उन्नत उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे रिपेयर एवं मेंटेनेंस की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।




इस एकेडमी के माध्यम से निसान की डीलरशिप टीमों को व्यावहारिक एवं उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसका उद्देश्य देशभर में निसान के नेटवर्क पर ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है। इस एकेडमी में सालाना 1,000 से ज्यादा तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा। निसान भारत में अपने परिचालन, डीलर्स, पार्टनर्स एवं ग्राहकों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम इस साल निसान एक्स-ट्रेल और नई निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के मौके पर घोषित की गई अपनी योजनाओं के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय बाजार को लेकर निसान की प्रतिबद्धता और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों के तहत कंपनी ने हाल ही में नई निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के साथ अपने प्रोडक्ट लाइनअप को विस्तार दिया है।

**गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय**
(भारत की संसद के अधिनियम सं. 25, 2009 के तहत स्थापित)
सेक्टर-29, गाँधीनगर - 382 030
दूरभाष:. 079 23977407, फैक्स: 079 23260076
ई-मेल: recruitmentcell@cug.ac.in, वेबसाईट: www.cug.ac.in

**रोजगार अधिसूचना सं. CUG/02/2024-25**

अखिल भारतीय स्तर पर गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों / विभागों में नियमित शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों पर नियुक्ति हेतु विशेषज्ञता, पात्रता मानदंड और नियम एवं शर्तें आदि से संबंधित विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cug.ac.in पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तिथि 10/12/2024 है और ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 09/01/2025 है।

दिनांक: 06/12/2024
CBC 21357/12/0004/2425

हस्ताक्षरित प्रति
कुलसचिव (कार्यवाहक)

## चिंतन

# सीरिया में तख्तापलट से भंवर में देश का भविष्य

अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद अब सीरिया में तख्तापलट हुई है। इनमें से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया में सुन्नी विद्रोहियों ने सत्ता पर कब्जा किया है। सीरिया में राष्ट्रपति बशर-अल असद की सरकार गिर गई है, इसी के साथ असद परिवार के 50 वर्ष के शासन का अंत हो गया है, बसर के देश छोड़कर भागने का दावा किया जा रहा है। सुन्नी विद्रोहियों ने शिया असद के शासन को उखाड़ फेंका है। सत्ता पर इस तरह कब्जे का ट्रेंड खतरनाक है। लगता है संयुक्त राष्ट्र एकदम निष्प्रभावी है, वैश्विक व्यवस्था व कानून का कोई मतलब नहीं रह गया है। अरब स्प्रिंग के दौरान कई राजशाही व सैन्यशासकों के अंत के बाद पश्चिम एशिया में लगा था कि लोकतंत्र का उदय हो रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ, कमजोर सरकार के दौर में इस क्षेत्र में इस्लामिक चरमपंथी गुट मजबूत होते गए। इस्लामिक स्टेट की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पलायन तेज है, लोग यूरोप में पनाल लेने लगे हैं। राष्ट्रपति अल असद रूस के सहयोग से जैसे तैसे सरकार चला रहे थे। कच्च तेल समेत प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के पश्चिमी खेल में खाड़ी व पश्चिम एशिया के देशों की हालत पतली होती गई और चरमपंथ मजबूत होता गया है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया को देखें तो तीनों मुस्लिम बहुत देश हैं और तीनों ही जगह सत्ता परिवर्तन हिंसा के साथ हुआ, एक स्थापित सरकार को सत्ता से हटाया गया। इस क्षेत्र में एक परिवार के दशकों तक सत्ता में रहने के चलते भी विद्रोह की जमीन तैयार हुई प्रतीत होती है। लेकिन इसका तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। सिस्टम में बदलाव सिस्टम से ही होना चाहिए। इस तरह के सत्ता परिवर्तन में वैश्विक संसथाओं, महाशक्तियों और विश्व बिरादरी की चुप्पी वैश्विक शांति की बात करने वालों पर सवाल खड़ा करती है। चीन अपनी सामरिक ताकतों का प्रदर्शन कर लगातार ताइवान को डराने का प्रयास कर रहा है। यूक्रेन के साथ रूस की जंग तीन साल से चल रही है, इजराइल आतंकी गुटों- हमास, हिज्बुल्ला, हूती के साथ ईरान के अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में सवाल है क्या विश्व अराजकता की ओर बढ़ रहा है या मध्ययुगीन दौर की ओर लौट रहा है? संकेत अच्छा नहीं है। वैश्विक शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और महाशक्तियों की होनी चाहिए। इसे किसी देश का घरेलू संकट मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विश्व में अगर इस तरह से सत्ता परिवर्तन होगा तो कायदे कानून का क्या महत्व रह जाएगा? 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से 'स्वतंत्र सीरियाई देश' की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ राजनयिक ने भी बहरीन में एक सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर असद के ठिकाने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। 2018 के बाद पहली बार है जब विद्रोही दमिश्क के भीतर पहुंच गए। असद 2000 में किस्मत के फेर से सत्ता में आए थे। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने सीरिया में 'व्यवस्थित ढंग से राजनीतिक बदलाव' सुनिश्चित करने के लिए जिनेवा में तत्काल वार्ता का आह्वान किया है। अमेरिका सीरियाई गृहयुद्ध के बीच सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। आज सीरिया का भविष्य भंवर में आ गया है।



## विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली। यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। भारत को भी अपने हित को देखते हुए ही अमेरिकी नीति का तटस्थ होकर आंकलन करना चाहिए।

# आयात शुल्क पर न हो अधीर प्रतिक्रिया

अमेरिका में अभी रिपब्लिकन दल के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यभार नहीं संभाला है। अभी वे अपने अधीन कार्य करने के लिये नियत विभिन्न विभागों हेतु प्रमुख योग्य व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें नियुक्त करने की प्रक्रिया में हैं। इसी क्रम में देशी-विदेशी व्यापार व वाणिज्य विभाग के प्रमुख की नियुक्ति की समयावधि में उनके सम्मुख ये विचारबिंदु उभरे कि क्या उन्हें अमेरिका को विशाल मात्रा में विभिन्न उत्पादों का निर्यात करनेवाले देशों पर आयात शुल्क में सौ प्रतिशत तक की वृद्धि करनी चाहिए अथवा नहीं। इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत उनके सम्मुख यह अंतिम निष्कर्ष था कि डेमोक्रेट्स की व्यापार नीतियों की विफलता के कारण तथा विशेषकर यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध प्रारंभ होने के बाद तत्कालीन अमेरिकी शासन द्वारा रूस से कच्चे तेल के क्रय पर प्रतिबंध लगाने के कारण अमेरिकी डॉलर का अप्रत्याशित अवमूल्यन हुआ है। निष्कर्षीय प्रस्ताव के अनुसार इस प्रकरण में अमेरिका को बड़ा व्यापार घाटा हुआ है। किंतु ऐसा विचार और परिणामी निष्कर्ष अधीरता का द्योतक है। अंतराल में जब ट्रंप पुनः कार्यव्यवहार संभालेंगे तो अमेरिकी व्यापार घाटे तथा मुद्रा अवमूल्यन के कारणों की वस्तुस्थिति निश्चित रूप में उन कारणों से पृथक ही होगी, जो शासकीय-प्रशासकीय अनाभ्यासिक वातावरण के कारण ट्रंप और उनके नवनियुक्त विभागीय प्रमुखों को अनुभव हो रही है।

वस्तुतः ढाई वर्ष पूर्व रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध के अमेरिकी निर्णय ने इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, इत्यादि अधिसंख्य यूरोपीय देशों को भी इस संदर्भ में अमेरिका का अनुसरण करने के लिये विवश किया था और फलतः इन समस्त देशों को कच्चे तेल का निर्यात करके होनेवाली रूस की राष्ट्रीय आय अधिमात्रा में रुक गयी। इस संकट से मुक्ति हेतु रूस ने ब्रिक्स समूह के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया। संकट उत्पन्न होने से लेकर गत 24 अक्टूबर तक जितने भी ब्रिक्स सम्मेलन संपन्न हुये हैं, उनमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स के समस्त नौ देशों ने अमेरिकी डॉलर में व्यापार करने के व्यापारिक अभ्यास रोकने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया है। ब्रिक्स ने संकल्प किया है कि पारस्परिक व्यापार की आधार-मुद्रा या तो सदस्य देशों की अपनी-अपनी मुद्रायें होंगी अथवा संभावित एकीकृत ब्रिक्स मुद्रा के माध्यम से व्यापार किया जायेगा। चूंकि सऊदी अरब जैसा धन-संपन्न देश भी एक जनवरी 2024 से ब्रिक्स समूह का सदस्य बन चुका है, इसलिये भी अमेरिकी मुद्रा का मूल्य वैश्विक आर्थिक दृष्टि से कम होने की आशंकाएं उभर चुकी हैं। इन्हीं आशंकाओं से चिंतित संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अनंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में विजय ही इस सार्वजनिक संकल्प के आधार पर प्राप्त की है कि वे अमेरिका तथा अमेरिकियों के हितों की प्राथमिकता के आधार पर रक्षा करेंगे, अतः स्वाभाविक है कि वे अपने पूर्ववर्त्तियों की तुलना में अधिक सत्यनिष्ठा के साथ उक्त



संकल्प का कार्यगत निरूपण करेंगे, और इस हेतु यह भी निश्चित ही है कि उन्हें भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब, इत्यादि सहित विश्व के अधिसंख्य देशों के विरुद्ध कुछ न कुछ ऐसे कठोर व्यापारिक-व्यावसायिक निर्णय लेने होंगे जो प्रत्यक्ष रूप में इन देशों में सार्वजनिक स्तर पर अस्वीकार्य एवं अनुचित माने जायेंगे। अमेरिकी मुद्रा में व्यापार न करने हेतु देशों के उत्पादों पर सौ प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने की ट्रंप की चेतावनी के बाद भारत में सार्वजनिक तथा जनसंचारिका (मीडिया) के स्तर इसे ट्रंप का अनुचित निर्णय सिद्ध किया जा रहा है। दूसरी ओर इस विषय पर भारतीय शासन, विदेश मंत्रालय के पदाधिकारियों तथा संबंधित विशेषज्ञों का मत अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं है। उनकी राय में ट्रंप प्रशासन के लिये व्यावहारिक रूप में ऐसा कर पाना संभव नहीं है।

यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। ऐसा इसलिये नहीं हो सकता है क्योंकि अमेरिका हो चाहे भारत या फिर कोई भी अन्य देश उसे अपनी व अपने मूल नागरिकों की स्वायत्तता के अनुरूप विभिन्न विषयों से संबंधित निर्णय लेने ही होते हैं। राजनीतिक सत्यनिष्ठा के आधार पर आकलन करने पर ट्रंप की चेतावनी अनुचित प्रतीत नहीं होगी। भारत भी गत दस वर्षों से पीएम मोदी के नेतृत्व में न्यूनाधिक मात्रा में ट्रंप वाली भूमिका में ही है। भारतवासियों के लिये यह गौरव व गरिमा तथा राष्ट्रभक्ति का विषय है। किंतु दुर्भाग्यवश ऐसी भूमिका का धरातल पर अधिक क्रियान्वयन नहीं है। भारत की ऐसी भूमिका सैद्धांतिक तथा सांकल्पिक स्वरूप में ही है। इसीलिए यहां भी अमेरिका से कई गुणा अधिक अवैध प्रवासन, लोकतंत्र के विरोधाभासों का सार्वजनिक प्रदर्शन तथा परिणाम में मूल भारतीयों के हितों का अनेक स्तर पर हनन हो रहा है।

ट्रंप को द्वितीय अवधि के लिए सत्तारूढ़ करने वाले अमेरिकी नागरिकों की इच्छा है कि उनका राष्ट्रपति डेमोक्रेट्स की अमेरिकाघाती राजनीतियों का अतिक्रमण करके स्वायत्तता का वातावरण निर्मित करे, अमेरिकियों के नागरिक हितों का संरक्षण करे तथा इसके लिये अन्य देशों को अप्रिय लगनेवाले निर्णय ही क्यों न लेने पड़े, तो ले। वास्तव में, आयात-शुल्क वृद्धि के संबंध में स्वयं ट्रंप, ट्रंप प्रशासन तथा ट्रंप की चेवावनी की परिधि में आये भारत सहित समस्त देशों को इस तथ्य पर अवश्य ध्यान देना चाहिये कि आर्थिक-व्यापारिक मतभेद की यह स्थिति राष्ट्र के रूप में अमेरिका ने नहीं, अपितु अमेरिकी जो. बाइडेन शासन की अदूरदर्शी नीतियों के कारण ही उत्पन्न हुयी है। कार्यभार संभालने के उपरांत जैसे-जैसे समय व्यतीत होगा ट्रंप प्रशासन तथा शेष विश्व को अभी ऐसे अनेक मतभेदों का सामना करना होगा, जिनका बीजारोपण डेमोक्रेट्स की मानवविरोधी नीतियों के कारण ही हुआ है। आयात-शुल्क सहित अन्य विषयों पर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति की वास्तविक नीतियों का कार्यप्रदर्शन तो आधिकारिक रूप में उनके सत्तारूढ़ होने के पश्चात ही निर्धारित हो सकेगा। अतः भारत तथा विश्व के प्रमुख देशों को धैर्य रखने की आवश्यकता है।

ऐसे वातावरण में अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को यह भी अवश्य ही ध्यान में रखना चाहिये कि अमेरिका की प्रत्येक नीति उसकी शर्तों पर नहीं हो सकती। अमेरिका के नये शासन को भी वैश्विक व्यापारिक नीतियों के संदर्भ में धीरतापूर्वक मंथन करना चाहिये तथा उन्हें उदारतापूर्वक स्वीकार करना होगा कि वर्तमान अमेरिकी चुनौतियों व समस्याओं के लिये अन्य देशों की गुट सापेक्षता (ब्रिक्स) की तुलना में डेमोक्रेट्स शासन की अव्यावहारिक व व्यक्तिगत स्वार्थपरता की नीतियां सर्वाधिक दोषी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के बहाने इकबाल व रामतीर्थ

बेहतर होता यदि भारत के मुस्लिम-नेताओं ने बंगलादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई होती। सौहार्द की बहाली का यह अवसर हो सकता था, मगर ओवैसी साहब या उनके सहयोगियों की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। वैसे अतीत के कुछ किस्से ऐसी किसी पहलकदमी का आधार बन सकते थे। थोड़ा पीछे लौटें तो उर्दू के प्रख्यात शायर एवं मुस्लिम विद्वान डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ की दोस्ती के संदर्भ याद कर लेने चाहिए। अजब संयोग था कि दोनों की जन्मतिथि व वर्ष एक ही था, सिर्फ 8 माह का अंतर था। इकबाल का जन्म 22 फरवरी, 1873 था, जबकि स्वामी रामतीर्थ 22 अक्तूबर, 1873 को जन्मे। दोनों का जन्म स्थान दोआबा का क्षेत्र था। इक़बाल सियाल कोट में जन्मे थे, जबकि रामतीर्थ का गांव गुजरावालां के समीप मुरलीवाला नाम से था। दोनों पंजाबी तो थे ही, दोनों का मूल ब्राह्मण वंश था। इक़बाल के पूर्वज सप्रू ब्रह्मण थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ तो थे ही गोस्वामी ब्राह्मण। दोनों की



पारिवारिक पृष्ठभूमि, धार्मिक थी। इक़बाल के पिता शेख नूर मुहम्मद एक प्रतिष्ठित मुस्लिम दर्जी थे और इस्लाम में गहरी आस्था रखते थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ के पिता गोस्वामी हीरानंद, एक पुजारी थे और हिन्दुओं में प्रतिष्ठित धर्म-प्रचारक माने जाते थे। स्वामी रामतीर्थ और इक़बाल दोनों की प्राथमिक शिक्षा मुस्लिम-शिक्षकों की देख रेख में हुई थीं। इक़बाल के शिक्षक थे मौलवी मीर हसन सियालकोटी, जबकि स्वामी रामतीर्थ को भी गांव के मौलवी मुहम्मद अली ने आरंभिक शिक्षा दी थी। रामतीर्थ ने प्राइमरी शिक्षा के बाद अपने पिता को विवश कर दिया था कि सम्मान के रूप घर में से एक भैंस या गाय मौलवी मुहम्मद अली को दान की जाए।

बाद में कालेज-शिक्षा के दिनों भी दोनों की दोस्ती चर्चा का विषय बनी रही थी। दोनों को रावी नदी से बेहद लगाव था और दोनों ने ही रावी नदी पर नज़्में लिखीं थी। हालांकि इक़बाल सलवार कमीज़ पहनते थे और स्वामी रामतीर्थ, एक संत की तरह शॉल और धोती। मगर दोनों ने मूछें रखने का फैसला एक साथ लिया था। दोनों ही पंजाबी पगड़ी भी अक्सर पहन लेते थे लेकिन स्वामी रामतीर्थ ने जनवरी 1903 में संन्यास के लिए पूरे बाल ही मुडंवा लिए थे। कुछ शोधार्थियों का मत है कि ढेरों समानताओं के बावजूद, दोनों एक दूसरे के नज़दीकी सम्पर्क में 1895 में ही आए थे, लेकिन दोनों ने लाहौर में उच्चशिक्षा भी प्राप्त की और पढ़ाते भी रहे। स्वामी रामतीर्थ, गणित पढ़ाते थे, जबकि इकबाल फिलासफी पढ़ाते थे। दोनों का अक्सर एक-दूसरे के घर आना जाना भी शुरू हो चुका था। स्वामी रामतीर्थ के एक जीवनी-लेखक थे सरदार पूर्ण सिंह। उन्होंने 'दी मौंक पोएट ऑफ पंजाब' और 'स्टोरी आफ रामा' के नाम से जीवनी लिखीं थी। उन्होंने एक सभा में डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ के पारस्परिक संबंधों के बारे में इकबाल का ही एक कथन सुनाया। इक़बाल के शब्दों में 'एक बार मैं स्वामी रामतीर्थ से मिलने उनके घर गया। उस समय उनके पेट में तीव्र दर्द हो रहा था। लगता था, वह दर्द असह्य था और बार-बार वह दर्द के मारे इधर-उधर करवटें बदल रहे थे। लेकिन उस असह्य दर्द में भी वह हंस रहे थे। कह रहे थे, 'अरे इकबाल! देखो दर्द जिस्म के एक हिस्से को लपेट रहा है, मगर आत्मा तेरी आमद के बाद बेहद प्रसन्न है। जिस्म अपनी लड़ाई लड़ेगा, आत्मा अपना आनंद ले रही है। मैं हैरान था कि यह शख्स वेदांत के मर्म को कितनी सुगमता से आत्मसात कर पा रहा है। जिस्म और आत्मा के अंतर को यह शख्स न केवल जानता है बल्कि जीता भी है।'

डॉ. इकबाल के एक शिष्य डॉ. हीरा लाल चोपड़ा डी-लिट्ट के अनुसार इकबाल और रामतीर्थ दोनों लाहौर में एक-दूसरे के पूरक बन गए थे। डॉ. चोपड़ा के अनुसार दोनों ने मसनवी-मौलाना रूमी को मिलकर पढ़ा था। दोनों ने उस पुस्तक के मुख पृष्ठ पर साथ-साथ अपना-अपना नाम लिखा था। इकबाल ने अपना नाम 'शेख मुहम्मद इकबाल' लिखा था, जबकि स्वामी रामतीर्थ ने अपना नाम 'राम बादशाह' लिखा था। इन दोनों के मध्य एक और समानता यह भी थी कि दोनों ही शायरी लिखते थे और दोनों का अंग्रेजी, संस्कृत, पर्शियन, हिंदी, पंजाबी और उर्दू पर समान रूप से अधिकार था। दोनों आपसी दोस्ती में इस कदर रच बस गए थे कि एक बार ईद के दिन दोनों ने एक साथ चांद देखा। दोनों की दोस्ती आज भी मिसाल है।

(लेखक साहित्यकार, स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# रिलेशनशिप में इन बातों की बांधें गांठ



संकलित
## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
## प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़ियां पर पड़ी। चिड़ियां कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़ियां का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़ियां को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़ियां को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़ियां को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़ियां कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### बांग्लादेश ने भी अपनाया नापाक पाकिस्तान का साथ

बांग्लादेश इतिहास भूल चुका है। भारतीय सरकार, जनता और सशस्त्र सेनाओं ने कभी उनके देश के सताए हुए मजबूर देशवासियों (शरणार्थियों) को शरण एवं सहयोग ही नहीं, बल्कि आजादी भी दिलवाई थी। भारतीय सेना के साथ बीएसएफ के सैनिकों ने भी इसमें मुख्य रूप से अपनी अहम भूमिका निभाई थी। पकिस्तान द्वारा रचे कट्टरपंथी षड्यंत्र ने शेख हसीना को भारत में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया। बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी ताकतों ने बांग्लादेश सरकार का तख्ता पलट कर अपने हाथों में ले लिया है। सत्ता संभालते ही कट्टरपंथी सरकार ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अनेक अमानवीय अत्याचारों की शुरुआत कर दी। उनकी हत्याएं, मारपीट, प्रताड़ित करना, महिलाओं का अपहरण, दुष्कर्म, घरों-व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों की लूटपाट वहां आम हो गई है। – *राकेश शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### भारत के लिए गर्व की बात



भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। परम पावन पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्न हूं। जॉर्ज कूवाकड ने ईसा मसीह के अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### तीसरे स्थान पर पहुंचेगा भारत



भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। **-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### संसद में चीन पर चर्चा हो



भारत-चीन संबंधों पर संसद में चर्चा रणनीतिक और आर्थिक नीति दोनों पर केंद्रित होनी चाहिए, क्योंकि चीन पर देश की निर्भरता आर्थिक रूप से बढ़ गई है, जबकि उसने चार साल पहले हमारी सीमाओं पर यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदल दिया था। **-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### लोकतंत्र की समझ नहीं



भाजपा को न तो लोकतंत्र की समझ है और न ही कूटनीति की। वे ओछी राजनीति में इतने अंधे हो गए हैं कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और जीवंत स्वतंत्र नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं, और वे अच्छे संबंध बनाए रखने में जिम्मेदारियों से अनजान हैं। **-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर

# इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करेगी पीटीआई



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, 'हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम जीतेंगे।' उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही। अली अमीन ने कहा, 'हमने अभी तक सिर्फ पांच हमले किए हैं और बाकी हमले भी जारी रखेंगे।' इमरान खान की पार्टी ने अपनी तीन मांगों को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च करने की घोषणा की थी। पार्टी जेल में बंद खान और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनाव में पार्टी की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रही है। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक

फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से



संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# छह घंटे की कॉम्बिंग गश्त, एक हजार पुलिसकर्मियों ने की सर्चिंग, 927 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी के निर्देश पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने गश्त की। इस दौरान स्थाई और फरार वारंटियों समेत 927 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम की यह 16वीं कॉम्बिंग गश्त थी।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान अब तक कुल 9335 बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है। चारों जोन के करीब 1000 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी ने रात में करीब 6 घंटे तक शहरभर में कॉम्बिंग गश्त की है।



### अधिकारियों ने मॉनिटरिंग की

वरिष्ठ अधिकारी पूरी रात्रि गश्त की मॉनिटरिंग करते रहे और निर्देश देते रहे। रात करीब 11 बजे शुरू हुई थी, जो सुबह पांच बजे तक चलती रही। इस दौरान कुल 529 स्थाई वारंट, 398 गिरफ्तारी वारंट, 140 जमानतीय वारंट समेत 1067 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही 152 गुंडा, बदमाश तथा 168 निगरानी बदमाश चेक किए गए।

### इस प्रकार हुई जोनवार कार्रवाई

**जोन क्रमांक-1** क्षेत्र में सर्वाधिक थाना रातीबड़ पुलिस द्वारा कुल 19 स्थाई एवं 16 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 35 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।
**जोन क्रमांक-2** में सर्वाधिक थाना बाग सेवनिया पुलिस द्वारा कुल 37 स्थाई एवं 19 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 56 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।
**जोन क्रमांक-3** में सर्वाधिक थाना हनुमानगंज पुलिस द्वारा कुल 28 स्थाई एवं 23 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 51 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।
**जोन क्रमांक-4** में सर्वाधिक थाना निशातपुरा पुलिस द्वारा 40 स्थाई एवं 30 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 70 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। 16 कॉम्बिंग गश्त में कुल 9335 गिरफ्तार। रात 11 से सुबह 5 बजे तक चली गश्त कॉम्बिंग गश्त।

## पुलिस अफसरों के बीच हुई चर्चा
## आवास आवंटन प्रक्रिया में संशोधन की तैयारी

पुलिस मुख्यालय ऐसे पुलिसकर्मियों को आवास आवंटित करता है, जो नक्सली या अन्य दुर्गम इलाकों में काम करते हैं और आवास आवंटन में पात्रता भी रखते हैं। अब जिलों में एसपी को यह अधिकार देने पर विचार चल रहा है। दरअसल, नक्सलियों को मुठभेड़ में मारने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिलता है। ओटी वाले अफसरों को आवास आवंटन में 5 प्रतिशत की पात्रता है। यह आवंटन अब तक पुलिस मुख्यालय की ओर से किया जाता रहा है। नवागत डीजीपी कैलाश मकवाना की ओर से इस नियम को संशोधित करने की तैयारी की जा रही है। आला अधिकारियों के बीच हुई मीटिंग में इस बिंदु पर चर्चा हुई है कि आवास आवंटन का अधिकार संबंधित जिले के एसपी और कमांडेट को दिया जाना उचित होगा। वहीं पूरी प्रक्रिया पुलिस मुख्यालय की मॉनिटरिंग में हो, ताकि पारदर्शिता भी बनी रहे। इससे फायदा यह होगा कि पुलिसकर्मियों को आवास आवंटन के लिए पीएचक्यू तक नहीं भटकना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री चौहान से मिला प्रतिनिधिमंडल

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को बहावलपुरी समाज का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिला। समाज अध्यक्ष बल्लू अरोरा, सचिव गिरीश चावला ने केंद्रीय मंत्री चौहान से बहावलपुरी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग की है। व्यापार संघ के अशोक सेठी, नीरज चावला, सचिव प्रदीप अरोरा, पिंकू भोले, अनिल धमीजा, सुधीर कमल, हरिकिशन धमीजा, मनोज खत्री आदि ने स्मरण दिलाया कि जब चौहान मुख्यमंत्री थे, तब से यह मांग जारी है।

### स्वास्थ्य लाभ के लिए लगाया योग शिविर



**मंडीदीप।** नगर में रविवार को योग शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों ने योग कर स्वास्थ्य लाभ लिया। आयोजक कैलाश गुप्ता ने बताया कि रविवार को सिंगाजी कुटी पर वार्ड 12 की पार्षद प्रार्थना सुरेन्द्र सिंह चौहान ने योग अभ्यास प्रारंभ किया है। योग के कई लाभ हैं, योग करने से मन प्रसन्न होता है, साथ ही शरीर की व्याधियों भी दूर होती है। इस दौरान योग गुरु बाबूलाल सोनी, अनूप गुप्ता, भरत पवार, विनोद जैन आदि मौजूद रहे।

### भगवान आदिनाथ का किया महामस्तकाभिषेक

**मंडीदीप।** नगर में रविवार को प्राचीन मंदिर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में स्थित भूगर्भवीत प्राचीन 1008 भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक किया गया। संत निवास में हुए कार्यक्रम में मंगल कलशों से जल की धारा अर्पित की गई। 105 सिद्धश्री माता और मंडीदीप नगर गौरव 105 संघश्री माता के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ उठी आवाज

**औबेदुल्लागंज।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पूरे तामोट में रोष है। रविवार को आक्रोश व्यक्त करते हुए जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने कहा कि अब समय आ गया है, सब हिंदू एकजुटता दिखाकर अत्याचार, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। इस अवसर पर संजीव चौहान, सुरेश तिवारी, रामपाल, मान सिंह, मोनू नागर, वीरेंद्र परसाई, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल नेता अरुण जैन, गणेश चौधरी, बेनी मास्टर, डॉ. लक्ष्मी नागर, लक्ष्मी प्रजापति, राजकुमार सेन, मोहन नागर, गुलाब चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, सुनीता चौहान आदि ने कहा कि सरकार सख्त कदम उठाकर बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा करें और मंदिरों की सुरक्षा की जाए।

### सरदार केसर सिंह सासन का निधन

**औबेदुल्लागंज।** सरदार केसर सिंह सासन का 100 वर्ष की उम्र में रविवार शाम को निधन हो गया। स्वर्गीय केसर सिंह ने बड़ा संघर्ष किया। वह भोपाल विलीनीकरण आंदोलन में सक्रिय रहे। वह समाज, क्षेत्र और देश के लिए समर्पित रहे। वह भाजपा के युवा नेता पवनजोत सिंह सासन के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 11 बजे औबेदुल्लागंज मुक्तिधाम में किया जाएगा। उन्हें विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉ. कैलाश विनय, संजय सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह राजू, पंकज कोठारी, डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, सुरजीत सिंह बिल्ले, अशोक सेठी, सर्वेश गौर, संजय शर्मा, पवित्र कौर, बागिश अग्रवाल, सोनू चौकसे आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### वारदात में इस्तेमाल अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर कार जब्त

# सर्वधर्म क्षेत्र से युवक का अपहरण करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

## कोलार और राजगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म क्षेत्र पर कार से आए बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने उक्त मामले में अपहरण करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में फरार 4 अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल की गई अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है।

डीसीपी जोन क्रमांक 4 जितेंद्र सिंह पवार ने बताया कि गत 6 दिसंबर की दोपहर अर्टिगा कार में सवार कुछ लोग सर्वधर्म कॉलोनी के पास हेमराज पराते नामक युवक को जबरन अपनी कार में बैठा कर ले गए। डायल 100 पर सूचना मिलते ही पुलिस ने कार का पता लगाकर शहर की नाकेबंदी की। इस दौरान पता चला कि उक्त कार ब्यावरा की तरफ गई है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने राजगढ़ एसपी से चर्चा करते हुए कार को रोकने का कहा। जिसके बाद थाना कोलार और थाना ब्यावरा देहात पुलिस की संयुक्त टीमों ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमों ने जब राजस्थान बॉर्डर समेत अन्य इलाकों में घेराबंदी की तो आरोपियों ने हेमराज को उसी रात ब्यावरा के पास छोड़ दिया।

**खास बातें**
- फरार 4 अन्य आरोपियों की तलाश जारी
- युवक को जबरन अपनी कार में बैठा कर ले गए
- सूचना पर पुलिस ने की थी नाकेबंदी

### आरोपियों ने ब्यावरा में बदली थी कार



*कोलार से हेमराज का अपहरण करने के बाद आरोपी उसे अर्टिगा कार से ब्यावरा लेकर पहुंचे। ब्यावरा पुलिस ने अर्टिगा कार को रोका तो उसमें कार चालक बृजमोहन लोधी और उसका साथी सतीश सोंधिया मिले। उन्होंने बताया कि सत्या गुर्जर के कहने पर दोनों अपने साथियों रवि सोंधिया, अरुण सेन, घनश्याम लोधी और राहुल गुर्जर के साथ हेमराज का अपहरण किया था। राजगढ़ बायपास स्थित पेट्रोल पंप के पास सत्या ने कॉल करके गोलू पुर्विया को बुलाया। गोलू अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से आया और हेमराज को अपने साथ ले गया। उसके बाद पुलिस ने बायपास मार्ग से सत्या और गोलू को हिरासत में लिया।*

एमपी नगर से गोविंदपुरा तक पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

## मारपीट का बदला लेने दोस्तों के साथ मिलकर किया था पेपर कटर से हमला

*एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस के पास गत 29 नवंबर की रात युवक के गाल पर पेपर कटर से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जयहिन्द शर्मा ने बताया कि आमिर अहमद (32) पुरानी जेल परिसर में रहता है और गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में काम करता है। गत 29 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह स्कूटर से घर लौट रहा था। पोस्ट आफिस के सामने से कोर्ट की तरफ जाते समय स्कूटर पर सवार तीन लड़के उसके नजदीक पहुंचे और गाल पर पेपर कटर से हमला कर भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाले। फुटेज में आए एक युवक को फरियादी ने पहचान लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर हमला करना स्वीकार किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी शहाब खान (32), मेहफूज खान (44) और उनासी उर्फ अली (19) तीनों निवासी बरखेड़ी जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास स्कूटर और पेपर कटर जब्त किया है।*



### आमिर ने की थी शहाब से मारपीट

पूछताछ के दौरान पता चला कि कुछ समय पहले फरियादी आमिर ने आरोपी शहाब खान के साथ मारपीट की थी। इसी का बदला लेने उसने अपने दोस्तों को तैयार किया। तीनों ने रैकी करने के बाद स्कूटर से पीछा किया और पोस्ट ऑफिस के पास गाल पर पेपर कटर से हमला कर भाग निकले थे।

### वैश्य महासम्मेलन की संभाग की बैठक

## अभियान चलाकर बनाए जाएंगे सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

वैश्य महासम्मेलन ने सक्रियता बढ़ाने व आगामी कार्यक्रमों की कार्य योजना एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए रविवार को प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता और प्रदेश संगठन महामंत्री सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में बैठक की। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने के लिए चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।

जिसमें मुख्य रूप से अभियान चलाकर सदस्य बनाए जाएंगे। बैठक में जिला इकाई के लिए बनाई गई कुछ योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में जिला इकाई द्वारा पारिवारिक कार्यक्रम करने पर चर्चा हुई।



### इन्होंने की शुरुआत

*बैठक की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री बीके गुप्ता, उपाध्यक्ष जगदीश मित्तल व चन्द्रकुमार जैन ने मां सरस्वती की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलन किया गया। बैठक में गुप्ता ने कहा कि संगठन की स्थापना इसलिए की, ताकि वैश्य की रक्षा संगठन कर सके। बैठक के दौरान रायसेन जिला अध्यक्ष विनोद जैन, युवा अध्यक्ष संयम जैन सहित राजगढ़, विदिशा, सीहोर व भोपाल जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे।*

## किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली नवविवाहिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में नवविवाहिता ने शनिवार सुबह किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच एसीपी को सौंपी गई है। प्रधान आरक्षक हरिकृष्ण बैरागी ने बताया कि शिवानी मौर्य पत्नी सौरभ मौर्य (23) जेके कॉलोनी आनंद नगर में रहती थी। शिवानी की दो साल पहले ही सौरभ से शादी हुई है।

- पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर की घटना

दोनों मूलरूप से जोनपुर, यूपी के रहने वाले है। यहां पति, सास और ननद रहती है। शनिवार को ननद और पति ड्यूटी पर चले गए थे। सास छत पर गई हुई थी। उसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे शिवानी ने किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सास वापस लौटी तो बहू को फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की मदद से बहू को नीचे उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को बरामद कर हमीदिया अस्पताल में रखवा दिया है। रविवार को मायके और ससुराल पक्ष दोनों के ही बयान दर्ज किए जा चुके हैं। बयान में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। मायके पक्ष ने बताया कि आत्महत्या से पहले बेटी से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। उसने किसी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था।

## प्राचार्य की हत्या का मामला: सहायता राशि देने की उठी मांग

**भोपाल।** हाल ही में छतरपुर जिले के धमोरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सक्सेना की उसी के स्कूल के छात्र द्वारा गोली मारकर हत्या करने के मामले से प्रदेशभर के शिक्षकों में नाराजगी है। शिक्षक संगठन प्राचार्य को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप रहे हैं। समग्र शिक्षक संघ ने इस आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को पत्र लिखकर मृतक प्राचार्य के परिजनों को एक करोड़ रूपये की सहायता राशि देने की मांग की है। समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेशचंद्र दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन गुप्ता का कहना है कि शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर कोई भी नीति तय नहीं की है जिसमें शिक्षकों में सुरक्षा का भाव पैदा हो, सरकार की नजर में शिक्षकों की जान की दो से ढाई लाख रुपए हैं।

### औबेदुल्लागंज के किसानों को हो रहा नुकसान

# कम कीमत पर बेची जा रही धान

**औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी में बाहर के व्यापारियों की मनमानी से स्थानीय व्यापारी और किसान हो रहे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

क्षेत्र के किसान परेशान हैं। उन्हें धान बेचने की रकम नहीं मिल रही है। धान सस्ते भाव पर खरीदी जा रही है। औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी में बाहर के व्यापारियों की मनमानी से स्थानीय व्यापारी और किसान परेशान है।

कृषि उपज मंडी में बाहर के व्यापारी किसानों को परेशान कर रहे हैं। किसान गजेंद्र नागर, मोहन पटेल, राजू भाई पटेल, डॉ. नंदू नागर, वीरेंद्र नागर, जीतू नंदवंशी आदि ने बताया कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। खाद मिल भी रही है तो महंगे दाम पर खरीदना पड़ रही है। नकली खाद बेची जा रही है।



### धान बेचने पर नकद रकम देने की मांग

*किसानों को धान की रकम 15 दिन एवं एक माह में देने की पर्ची देते हैं। धान 2600, 2800 और 3000 रुपए क्विंटल खरीदने से किसानों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि धान की फसल उगाने में भारी खर्च होता है। किसानों ने बताया कि ₹1200 से 1000 रुपए क्विंटल का नुकसान हो रहा है। कृषि उपज मंडी प्रशासन किसानों की समस्या नहीं सुनता है। किसान नेता गजेंद्र नागर, माधव यादव ने बताया कि किसानों से सस्ते दाम पर धान खरीदी जा रही है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। इधर, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। फूड अधिकारी और मंडी प्रशासक देखने तक नहीं आते हैं। किसानों ने मांग की है कि धान बेचने पर नकद रकम दी जाए।*

## श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन, स्कूलों में बांटी जाएगी

**हनुमान चालीसा पाठ का किया आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

बजरंग सेना समिति द्वारा रविवार को ठाकी दादी दरबार के पास गुरुकृपा एसोसिएट्स पर पं. राजकुमार गर्ग द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ वेद-मंत्रों के साथ कर श्री राम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन शिक्षाविद् आसूदो लछवाणी ने किया। समिति के अध्यक्ष देवानी ने बताया कि शपुस्तिका स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को पं. राज कुमार गर्ग देंगे। कार्यक्रम में बजरंग सेना समिति ने बृजकिशोर सेन को सचिव पद पर नियुक्त करने पर फूलों से स्वागत कर बधाई दी।

बधाई देने वालों में समिति के रूप कुमार सोनी, प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, राज बिजोरिया,जीतू शिवनानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव राजकुमार धानुक, विष्णु नाथानी, वासुमल, कार्तिक सेन आदि उपस्थित थे।

## निहालचंद के प्रयासों की देन है स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सिंधु नव जागरण समिति व स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी स्व. निहालचंद छुगानी की प्रथम पुण्यतिथि स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला में मनाई गई। इस अवसर पर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए।

पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने स्व. छुगानी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि स्व. निहाल के प्रयासों से धर्मशाला बनी। समाज में गरीब व निर्धन परिवारों को कम्बल व स्कूल सामग्री बांटने का भी कार्य उनके प्रयासो से शुरू हुआ। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सिंधु नव जागरण समिति के अध्यक्ष



राम कुमार पारदासानी, धर्मशाला ट्रस्ट के महासचिव आसनदास वाधवानी, उप ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, सीतल चेलानी, कमलेश छुगानी, हरदास पेसवानी, मुरली गुरबानी, जेसी डेटानी, परसराम थावानी, सुमित आहूजा, इन्द्र जनयानी, कन्हैया नागदेव, हीरो आडवाणी, खुशालदास चेलानी आदि शामिल है।

### मंडल अध्यक्ष चुनाव में सात दिन बाकी

## सर्वसम्मति से होगा मंडल अध्यक्ष का चुनाव, दावेदारों में बढ़ी बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भाजपा मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से कराने के लिए पार्टी के निर्णय से भाजपा मंडल अध्यक्ष के दावेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। मंडल अध्यक्ष चुनाव में मात्र 7 दिन बाकी है। औबेदुल्लगंज मंडल अध्यक्ष के लिए अब कुछ नेता नए जुड़ गए हैं।

- भाजपा नेताओं का कहना- बदलाव होना चाहिए

युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, रामकिशोर नंदवंशी, मनोज चौरसिया, माधव यादव, सोनू चौकसे के नामों की चर्चा तेज हो गई है।

### मंडल अध्यक्ष नप अध्यक्ष का चुनाव न लड़े

*भाजपा संगठन के जिला रायसेन के प्रभारी सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि मंडल अध्यक्ष के दावेदारों की पैनल जिला कार्यालय से आएगी। जो भी दावेदार हैं, उनमें सर्वसम्मति बनाकर चुनाव होंगे। औबेदुल्लागंज मंडल का महत्व बहुत है, क्योंकि जो मंडल अध्यक्ष बनता है, उसके नगर परिषद अध्यक्ष बनने के अवसर भी ज्यादा होते हैं। औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का कहना है कि 6 साल हो गए हैं। बदलाव होना चाहिए। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि जो मंडल अध्यक्ष बने, वह नगर परिषद चुनाव न लड़े।*

### ऑटो चालक संदीप की हत्या करने वाले अवकेश का नहीं लगा सुराग

पुलिस की तीन अलग अलग टीम आरोपी की कर रही तलाश

# चार दर्जन महिलाओं के साथ अलग-अलग लिव इन रिलेशन में रह चुका है अवकेश, ब्लैकमेल करता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर स्थित शंकर नगर के ऑटो चालक संदीप का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी अवकेश का अब तक सुराग नहीं लग सका है। उसकी तलाश में पुलिस की तीन अलग-अलग टीम लगाई गई हैं।

टीम सागर, विदिशा, भोपाल और सीहोर में हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल सका है। इसके अलावा प्रदेश के बाहर भी एक टीम उसकी तलाश के लिए लगाई गई, लेकिन शातिर अपराधी होने के कारण वह पुलिस को लगातार चकमा दे रहा है।

### महू के किशनगंज में आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला है दर्ज

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी अवकेश की दोस्ती संदीप से थी। संदीप के घर आने जाने के दौरान उसकी दोस्ती संदीप की सौतेली बहन से हो गई थी। उसके पास संदीप की बहन की कुछ फोटो भी थी। वह संदीप के परिवार को धमकी दे रहा था कि कि मेरी शादी उससे करवा दो या फिर मुझे खर्च के लिए रुपए दो, नहीं तो मैं उसकी शादी नहीं होने दूंगा। आरोपी संदीप की बहन को ब्लैकमेल कर खर्च के लिए रुपए भी मांग चुका था। पुलिस की पड़ताल में पता चला कि वह करीब चार दर्जन महिलाओं के साथ अलग-अलग कमरे में लिव इन रिलेशन में रह चुका है। आरोपी इंदौर में रह चुका है। वहां महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में उसके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज है।

### क्या है मामला?

उल्लेखनीय है कि शंकर नगर निवासी सूरज प्रजापति के बेटा संदीप प्रजापति (22) आटो चलाता था। एक दिन पहले वह अपने दोस्त अवकेश जायसवाल के साथ सलकनपुर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने इस मामले में अवकेश के खिलाफ अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जब मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो आटो की लोकेशन औबेदुल्लागंज की तरफ जाते हुए मिली। औबेदुल्लागंज और सलकनपुर के बीच पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर फोटो और हुलिए के आधार पर संदीप की तलाश की। शुक्रवार को रातापानी के जंगल में मेन रोड से करीब तीन किलोमीटर अंदर एक शव मिला, जिसकी पहचान संदीप प्रजापति के रूप में हुई थी।

### महिला के साथ रह रहा था आरोपी

आरोपी अवकेश कमरे के साथ औरत बदलने का शौकीन था। वारदात से पूर्व भी वह एक महिला के साथ किराए के कमरे में रह रहा था। वह इतना शातिर था कि न तो महिलाओं को अपनी सही जानकारी देता था और दोस्तों को भी वह सही जानकारी नहीं देता था। संदीप प्रजापति अवकेश को भलीभांति जान चुका था। अवकेश उसकी सौतेली बहन से शादी करना चाहता था। बहन की उम्र महज 19 साल है और आरोपी 45 साल का है।



## सेंटर इंडिया का आयोजन 'रन भोपाल रन' में टीटी नगर स्टेडियम से 11500 लोगों ने लगाई दौड़

# शारीरिक, मानसिक फिटनेस, नशा मुक्ति और स्वच्छ भोपाल, सुंदर भोपाल के लिए लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के युवाओं के लिए रविवार की सुबह उत्साह से भरी हुई थी। मौका था टीटी नगर स्टेडियम से सुबह 6 बजे रन भोपाल रन 2024 के आयोजन का। जिसका शुभारंभ खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग ने फ्लैग ऑफ करके किया। इस मौके पर भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी आदि लोग मौजूद रहे। यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस, नो टोबैको, नशा मुक्ति, स्वच्छ भोपाल-सुंदर भोपाल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा अंगदान, नेत्रदान एवं देहदान की जन-जागरुकता के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिसमें हाफ मैराथन में 21 किमी, 10 किमी तथा 5 किमी की दौड़ में लगभग 11500 से अधिक प्रतिभागियों तथा 2000 से अधिक वालेंटियर ने भाग लिया।

बड़ा एवं वृहद कार्यक्रम का आयोजन




### स्टाइंड मेडल्स किए गए प्रदान

हाफ मैराथन का यह रहा रूट
वहीं, इस आयोजन में लगातार तीन वर्षों से 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन कम्पलीट करने वाले प्रतिभागियों को भी स्टांइड मेडल्स प्रदान किए गए। इस आयोजन में मैराथन दौड़ों का रूट निम्नानुसार था।साथ ही 10 और 5 किमी की दौड़ का रूट भी इसी तरह बनाया गया था।

### अंगदान करने वाले परिवारों का सम्मान

एक ओर जहां विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया वहीं अंगदान करने वाले परिवारों में राजेश कोरान्ने, महेन्द्र वर्मा एवं शीतल राजपूत को मुख्य अतिथि द्वारा भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसमें रन भोपाल रन द्वारा आगामी होने वाली 'सरदार पटेल लौह पुरुष ट्रायथलॉन-2025' स्टडी का अनावरण किया गया।

### सेल्फी प्वाइंट और जुम्बा बना मनोरंजन




मनोरंजन को लेकर प्रतिभागियों के लिए बैंड व डीजे लगाए गए थे। जिस पर प्रतिभागियों ने जमकर डांस किया। वहीं, आयोजन स्थल पर जुम्बा तथा सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया था। जिससे जुम्बा पर मस्ती की तो वहीं सेल्फी प्वाइंट पर काफी फोटो क्लिक की।

*सांस्कृतिक संध्या से गुलजार हुआ समन्वय भवन*

# मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ का वार्षिकोत्सव और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रविवार की शाम को हल्की ठंड में जब लोगों ने सांस्कृतिक संध्या में कदम रखा और कलाकारों द्वारा शिव तांडव का नृत्य देखा तो मानो उनके रोंगटे खड़े हो गए हों। मौका था मध्य प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ भोपाल के वार्षिक उत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्या का, जिसने समन्वय भवन को गुलजार कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल शामिल हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की।

*हरिभूमि समाचार-पत्र के वरिष्ठ पत्रकार आनंद सक्सेना को स्व. पांडुरंग बलवटे स्मृति पत्रकारिता सम्मान*

# संस्थाएं आयोजित करती हैं कार्यक्रम जबकि संगठन जोड़ने का कार्य करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई का वार्षिक अलंकरण एवं सर्वभाषा सम्मान समारोह रविवार को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभासप के संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर ने कहा कि संस्था और संगठन में अंतर होता है संस्थाएं कार्यक्रम आयोजित करती हैं, जबकि संगठन जोड़ने का कार्य करता है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद एक संगठन है जो जोड़ने का कार्य करता है। आज साहित्यकारों का सम्मान उसी दिशा में उठाया हुआ एक कदम है। इस अवसर पर हरिभूमि समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार आनंद सक्सेना को स्व. पाण्डुरंग बलवटे स्मृति पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया।




### मैनिट में कार्यक्रम 'स्त्री 2024' का भव्य समापन

# घरेलू काम करें महिलाएं तो संभव है 100 प्रतिशत नॉर्मल डिलीवरी

75 वर्षीय पारंपरिक औषधि की वेद पद्मश्री अम्मा लक्ष्मी कुट्टी ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही कई जरूरी बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज ज्यादातर महिलाओं के प्रसव ऑपरेशन से हो रहे हैं, उसका कारण है कि महिलाएं जब गर्भवती होती है तो काम नहीं करती और आराम करती हैं, पहले की महिलाएं काम किया करती थी। इसलिए उनकी नार्मल डिलीवरी हुआ करती थी। अगर गर्भवती महिलाएं घरेलू काम करें तो संभव है 100 प्रतिशत नार्मल डिलीवरी होना। यह कहना है 75 वर्षीय पारंपरिक औषधि की वेद पद्मश्री अम्मा लक्ष्मी कुट्टी का। वो मैनिट में आयोजित स्त्री कार्यक्रम के लिए रविवार को भोपाल आई थी। इस मौके पर उन्होंने हरिभूमि से खास बातचीत की।





### पोषण एवं समाज में ग्रामीण महिलाओं का है योगदान

भारतीय परंपरा में महिला विचारकों का योगदान रेखांकित सम्मेलन के तीसरे दिन 'भारतीय परंपरा में महिला दार्शनिक एवं विचारक' विषय पर रविवार के सत्र की अध्यक्षता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की डॉ. वी रमानाथन ने की। प्रथम वक्ता प्रो. डॉ. शशि प्रभा कुमार ने भारत की महिला दार्शनिकों के जीवन से श्रोताओं को अवगत कराया। भारतीय महिला वैज्ञानिक संघ हैदराबाद की प्रो. विजया खडेर ने ग्रामीण महिलाओं के पोषण एवं उनके समाज में योगदान को रेखांकित किया।

### बच्चों को नीम की पत्ती खिलाएं



लक्ष्मी कुट्टी कहती हैं कि किसी बच्चे को डॉग काट लेता है तो इसका भी इलाज संभव है, मैंने इसका इलाज किया है, लेकिन जिस जड़ी बूटी से मैंने किया था वो आसानी से नहीं मिलती है। इससे अच्छा उपाय यह है कि बच्चे को कम उम्र में ही नीम की पत्ती खिलाना शुरू कर दें, जिससे कि वो जीवन भर हर बीमारी से मुक्त रहेगा।

### बच्चे को मोबाइल देने से मां-बाप को मिलेंगे खराब रिजल्ट



पद्मश्री अनुपमा होस्केरे ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि माता-पिता अभी बच्चों को मोबाइल दे देते हैं, जिसके रिजल्ट बहुत खराब मिल सकते हैं। जरूरी है कि उनको कहानी सुनाई जाए और बताई जाएं। उन्होंने कहा कि मैं 7 साल तक अमेरिका में रही हूं, इस दौरान मैंने पढ़ाई भी और कठपुतली पर वर्क किया।

### 75 पौधों पर शोध करने वाली निकिता नागोरी का पोस्टर पुरस्कृत

शक्ति द्वारा पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में 100 से अधिक पोस्टर प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। पौधों पर अपने शोध को प्रस्तुत करने वाली निकिता नागोरी ने श्रेष्ठता का पुरस्कार जीता। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की निकिता नागोरी ने 75 हर्बल पौधों पर अपना शोध निर्णायक समिति के सामने प्रस्तुत किया। काली मिर्च के आयुर्वेदिक उपयोग बना श्रेष्ठ शोधपत्र सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय की डॉ. अंजली कुलकर्णी को भी अपने शोध पत्र के



लिए पुरस्कृत किया गया। इनके शोध पत्र ने मारीच (काली मिर्च) के आयुर्वेदिक उपयोगों को उजागर किया गया। वनस्पति विज्ञान की विभाग प्रमुख डॉ. अंजली ने बायोकेमिकल श्रेणी में यह शोध पत्र लिखा।

*संभावना के तहत जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति*

# गौंड जनजातीय नृत्य गुन्नूरसाई एवं बधाई लोक नृत्य की प्रस्तुति



भोपाल। जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि में रविवार को कार्यक्रम में लोककंठ मध्यप्रदेश की लोकगायिकी के रंग के अंतर्गत जनजातीय कलाकारों द्वारा निमाड़ी, मालवी और बुंदेली में लोक परंपराओं के गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद संदीप उइके एवं साथी, सिवनी द्वारा गोण्ड जनजातीय नृत्य गुन्नूरसाई की प्रस्तुति दी गई।

# साइंस सेंटर में नाटक 'पारिजात के फूल' का मंचन बना यादगार

आठ महिला कलाकारों ने 90 दिन में तैयार किया नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शैडो नाट्य संस्था द्वारा रविवार को साइंस सेंटर में नाटक 'पारिजात के फूल' का मंचन किया गया। अमृता प्रीतम के लेखन और मनोज नायर के निर्देशन में तैयार यह नाटक जीवन वृत्त रसीदी टिकट पर आधारित है। नाट्य प्रस्तुति में अमृता के जीवन और उनकी कविताओं को आठ महिला कलाकारों द्वारा प्रस्तुत करने का प्रयास किया। आठों महिला कलाकार एक कार्यशाला के अंतर्गत जुड़ीं और लगभग 90 दिनों में नाटक तैयार हुआ।



**पारिजात जिसे कहा जाता है स्वर्ग का पौधा :** नाटक में टिकट से जोड़ने का दृश्य बनाया गया, जो बाद में एक पूर्ण नाटकीय शक्ल ले लेती है। रसीदी टिकट के अंतिम अध्याय में अमृता के उपचार में पारिजात के फूलों का जिक्र है, पारिजात जिसे स्वर्ग का पौधा भी कहा जाता है जो कि औषधीय गुणों से परिपूर्ण होता है, वैसे ही अमृता की कविताएं भी कभी-कभी आमजन की कुंठित व्याधियों को स्वस्थ करती हैं।




### राष्ट्रीय जनयोद्धा नाट्य समारोह में नाटक अज़ीज़ुन निसा का मंचन

# 1857 की क्रांति की महानायिका अजीजन की बहादुरी और वीरता की कहानी

## प्राणों की आहूति देकर अपनी वीरता का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की आज़ादी के संघर्ष में अनेक महिला क्रांतिकारियों के साथ सराय वालियों, तवायफों एवं नर्तकियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एक ऐसी ही महानायिका हैं अज़ीजन बाई जिनके तवायफ खाने में स्वतंत्रता संग्राम की योजनाएं बनती थीं। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनयोद्धा नाट्य समारोह की पांचवी शाम शहीद भवन में मंचित नाटक अज़ीज़ुन निसा का मंचन हुआ। नाटक के निर्देशक रामजी बाली रहे।



नाटक में दिखाया कि 1857 की क्रांति की लहर पूरे देश में धधक रही थी तब अजीजन बाई अंग्रेजों की छावनी में नृत्य प्रदर्शन के लिए जाकर गुप्त सूचनाएं हासिल कर क्रांतिकारियों के पास पहुंचाती। अजीजन बाई वैसे तो एक नर्तकी थीं, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को लोहे के चने चबाने को मजबूर कर दिया। अंग्रेज सैनिकों ने अजीजन को गिरफ्तार कर क्रांतिकारियों की योजनाओं के बारे में बताने को मजबूर किया लेकिन अंततः अजीजन ने प्राणों की आहूति देकर अपनी वीरता का परिचय दिया।



# रंगकृति नाट्य संस्था का एक शाम लोक नृत्य के नाम... का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगकृति नाट्य संस्था समिति द्वारा एक दिवसीय एक शाम लोक नृत्य के नाम का आयोजन भोपाल के एलडीएफएच के ओडिरियम में आयोजित किया गया।

इस दौरान कलाकार लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति की झलक बिखेरते नजर आए। जिसमें 17 महिला कलाकारों ने मनमोहन नृत्यों की प्रस्तुति दी

## लोक नृत्य से बिखरी भारतीय संस्कृति की झलक

जिसमें गुजराती गरबा लोक गीत चालो रे..., रंगतारी, गोरी राधा ने करो कान, मोर बनी .... जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरीं।

**30 से अधिक देशों से 1 लाख स्वयंसेवकों की रही भागीदारी**

# दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीएपीएस का अभूतपूर्व समारोह, पीएम बोले- ये कर रहे मानवजाति का हित

दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीएपीएस के भव्य और दिव्य समारोह ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएपीएस की कार्यकर्ता शक्ति मानवजाति के हित के लिए है। बीएपीएस के कार्यकर्ता दुनिया में भारत के प्रभाव को उजागर कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

बीएपीएस संस्था के अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ता स्वर्ण महोत्सव का समापन समारोह विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। समापन समारोह में सेवा, समर्पण और गुरुभक्ति से ओतप्रोत एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं का भव्य अभिनंदन किया गया। एक लाख प्री-प्रोग्राम्ड रिस्ट बैंड्स, 2000 परफॉर्मर्स की प्रस्तुती हुई। एक लाख कार्यकर्ताओं के सामूहिक आरती से अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम जगमगा उठा। कार्यकर्ता स्वर्ण महोत्सव के उत्सवगीत ने सभी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। सेवा की परम ज्योति महान की गूंज के साथ एक भव्य पुष्प अपनी आकर्षक पंखुड़ियों के साथ खिला और यह प्रस्तुति अत्यंत सुंदर थी। इसके अलावा विशाल आकार में 'स्वागतम' शब्द को कलाकारों ने सुंदर आकृति में प्रदर्शित किया।

**गुरुहरि महंतस्वामी महाराज के साथ प्रमुख गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति**

**2000 कलाकारों**

**1,800 लाइट्स**

**30 प्रोजेक्टर के साथ होगा अत्याधुनिक सांस्कृतिक प्रदर्शन**





**पीएम मोदी ने बताया सांस्कृतिक**

इस समारोह को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि बीएपीएस की कार्यकर्ता शक्ति मानवजाति के हित के लिए है। बीएपीएस के कार्यकर्ता दुनिया में भारत के प्रभाव को उजागर कर रहे हैं। बीएपीएस के मंदिर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में अबू धाबी में बीएपीएस द्वारा निर्मित मंदिर ने दुनिया को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का परिचय दिया है। हमें पारिवारिक शांति के लिए प्रमुख स्वामी महाराज द्वारा शुरू किए गए 'घर सभा' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाना है।

### बीएपीएस की बड़ी उपलब्धियां

**मंदिर निर्माण:** दिल्ली, गांधीनगर, रॉबिंसविल (अमेरिका) और अबू धाबी में भव्य मंदिरों का निर्माण।
**आपदा राहत:** कोविड-19 और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में मदद।
**सांस्कृतिक महोत्सव:** 1985 के लंदन उत्सव और 1991 के न्यू जर्सी महोत्सव ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुंचाया।
**आदिवासी विकास:** 2,000 गांवों में शिक्षा और चिकित्सा सेवाएं।
**पर्यावरण पहल:** वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान।

## स्वामी महाराज के आशीर्वाद से हर जगह विजय है- अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां प्रमुख स्वामी महाराज के आशीर्वाद से हर जगह विजय है। प्रमुख स्वामी महाराज ने कई परिस्थितियों में मुझसे कहा है कि भगवान सब अच्छा करेंगे और वह शक्ति हमेशा मेरे साथ रही है। देश-विदेश में 1200 से अधिक मंदिरों का निर्माण करके प्रमुख स्वामी महाराज ने भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य किया है। मैं शास्त्रीजी महाराज से लेकर महंत स्वामी महाराज तक की गुरु परंपरा को दिल से वंदन करता हूं। वहीं, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा कि यह कार्यक्रम नए भारत के निर्माण का प्रेरक उत्सव है। बीएपीएस संस्था पूरे विश्व में भगवान स्वामिनारायण के कार्यों और सनातन हिंदू धर्म के प्रचार का महान कार्य कर रही है।

### किसान नेता पंढेर ने कहा- हमारी शक्ति इतनी नहीं हम सरकार का मुकाबला कर सकें

**आज की बैठक में कई बड़े किसान नेता होंगे शामिल**

# शंभू बार्डर पर किसान बना रहे अपनी रणनीति आज बैठक में करेंगे कुछ महत्वपूर्ण 'फैसले'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा-पंजाब सिंधू बॉर्डर पर पुलिस एक्शन के बाद किसानों ने रविवार को दिल्ली कूच अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि सोमवार को किसान संगठनों की बैठक होगी। उस बैठक में आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला होगा। सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि आज हमने 'जत्था' वापस लेने का फैसला किया है। एक किसान को गंभीर हालत में पीजीआई में भर्ती कराया गया है और आठ से नौ किसान घायल हैं। इसलिए हमने 'जत्था' वापस ले लिया है। बैठक के बाद हम आपको भविष्य के कार्यक्रम के बारे में बताएंगे।अंबाला पुलिस ने पहले कहा था कि किसान संगठनों को राष्ट्रीय राजधानी प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।पंढेर ने कहा कि किसान अपने मंचों-संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की बैठक के बाद अपनी अगली कार्रवाई तय करेंगे। पंढेर ने कहा कि दोनों फोरम ने मीटिंग करके फैसला लिया कि का जत्था वापस बुलाया है।

आज सोमवार को दोनों फोरम की मीटिंग होगी, फिर आगे का फैसला लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 12 बजे से पौने चार बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से बढ़ने की कोशिश की। हमारी शक्ति इतनी नहीं है कि सरकार की लगाई शक्ति का मुकाबला कर सके। इसका हल क्या है? उन्होंने कहा कि सरकार को नहीं लगता है कि बातचीत करके मसले का हल निकाला जाए। बिट्टू जी तालिबान जैसे नए शब्द लाए। खालिस्तानी, पाकिस्तानी, चीनी जैसे शब्द तो हमने सुने थे। आज मीडिया को भी खालिस्तानी कह दिया गया।

**आरोप- पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं**

किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।

**दिल्ली कूच को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी**



### हटेंगे नहीं डटेंगे बनाएंगे नई रणनीति

पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने रविवार दोपहर को अपना 'दिल्ली चलो' मार्च अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया। शंभू विरोध स्थल से दिल्ली तक अपना पैदल मार्च फिर से शुरू करने के तुरंत बाद 101 किसानों के जत्थे को हरियाणा पुलिस ने रोक दिया और आंसू गैस के गोले दागे। पानी की बौछारें कीं। इससे नौ किसान घायल हो गए। उसके बाद किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने सरकार पर हमला बोला।

### पुलिस एक्शन के बाद दिल्ली कूच स्थगित

उन्होंने कहा कि प्रशासन ने चालें चलीं। फूल बरसाने के दो मिनट बाद आसू गैस के गोले छोड़े गए। पहले से ज्यादा जहरीली गैस थी। रबर को गोलियां चलाई गईं। 6 में से 3 रेस्क्यू टीम पर हमला किया गया। कुल आज 9 किसान घायल हुए। सुबह मीडिया पर भी हमले की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि हमने फैसला किया है कि हम लोग दोनों फोरम की मीटिंग करेंगे। खनौरी, डबवाली की परिस्थितियां को देखते हुए निर्णय लिया है. सोमवार दोनों फोरम मीटिंग करके कल शाम को बता दिया जाएगा।

### क्या है किसानों की मांगें

किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। वे 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं। इसके अलावा उनकी करीब 13 सूत्रीए मांगे हैं जिनको लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### पहले फूल बरसाए फिर आंसू गैस के गोले

पुलिस प्रशासन ने दिल्ली कूच को लेकर आगे बढ़ने वाले किसानों पर फूलों की वर्षा करता दिखा। लेकिन, उसके बाद किसान और पुलिस दोबारा से आमने-सामने हुए और एक के बाद एक आंसू गैस के गोले दागे गए। वहीं, आज प्रशासन द्वारा किसानों को पीछे धकेलना के लिए उन पर वाटर कैनन का भी प्रयोग किया गया, जिसमें किसानों को रोकने के लिए पानी की बौछार छोड़ी गई।

**विधायकों ने शपथ ली**

## नार्वेकर ने विस अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया नामांकन



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भाजपा के विधायक राहुल नार्वेकर ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। पिछली विधानसभा में अध्यक्ष रहे नार्वेकर के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार भी मौजूद थे। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल भी इस अवसर पर मौजूद थे। कोलाबा विधानसभा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि सोमवार को होने वाले चुनाव के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

**विपक्ष के विधायकों ने किया था शपथ का विरोध**

एमवीए के सदस्यों सहित 105 विधायकों ने रविवार को नवगठित विधानसभा में विधायक के रूप में शपथ ली। विधायकों ने विशेष सत्र के दूसरे दिन शपथ ग्रहण की। विपक्षी दलों के विधायकों ने हाल ही में हुए राज्य चुनावों में ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया था। कांग्रेस नेता नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार व अमित देशमुख, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के नेता जितेंद्र अव्हाड और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे सहित कुछ विधायकों ने आज सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद शपथ ली।

### आज भी लेंगे शपथ

इससे पहले शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली जबकि नौ अनुपस्थित विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। पहली बार विधायक बने कई विधायकों ने रविवार को शपथ ली और समारोह में उनके परिवार के सदस्यों की भीड़ उमड़ पड़ी।

**खबर संक्षेप**

### ईशनिंदा के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग



**मुंबई।** महाराष्ट्र में सपा ने राज्य विधानसभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल दायर किया है, जिसमें ईशनिंदा के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की गई है। इस बिल में किसी भी धर्म के ईश्वर, ग्रंथ या महापुरुष के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। सपा विधायक रईस शेख की ओर से दायर इस बिल में मांग की गई है कि मकोका के तहत कड़ी सजा दी जाए।

### बाप बेटा धराए: मदरसे के खाते से ऑनलाइन ठगी



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने डिजिटल ठगी के मामले में बड़ा खुलासा किया है। ऑनलाइन ठगी के करोड़ों रुपए उत्तर प्रदेश के कन्नौज में बने एक मदरसे के अकाउंट में जाते थे। यहां से अलग-अलग अकाउंट में पैसा भेजा जाता था। आरोपियों ने 50% कमीशन के लालच में फलाह दारेन मदरसा समिति के करंट अकाउंट का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के लिए किया। आरोपियों ने बैंक खाता किराए पर देकर करोड़ों के ट्रांजेक्शन किए। पुलिस ने अली अहमद खान और असद अहमद खान को गिरफ्तार किया है।

**गुस्साए परिजनों ने किया चक्का जाम**

## स्कूली बस पलटी,तीन छात्राओं की मौत,17 की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें 62 बच्चे, 6 टीचर और एक ड्राइवर था। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। गुस्साए परिजनों ने दोपहर में चारभुजा सीएचसी के बाहर चारभुजा-राजसमंद रोड को जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद वे रास्ते से हटे। शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों छात्राओं के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

**ब्रेक फेल होने के चलते हुआ हादसा**



### 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दी

हेडमास्टर और 15 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां से उसे परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। वहीं, 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी। इसमें राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे। बच्चे पाली के परशुराम महादेव मंदिर दर्शन और पिकनिक के लिए जा रहे थे। वे सुबह 8 बजे स्कूल से निकले थे। पंजाब मोड़ घाटी पर बस बेकाबू होकर पलट गई।

**विपक्ष बदल रहा तेजी से करवट**

## दिल्ली और बिहार चुनाव के बाद ममता बेनर्जी के नेतृत्व में आकार ले सकता है तीसरा मोर्चा

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अभी हरियाणा में हार के महीनों बाद भी विधानसभा में विधायक दल का नेता नहीं चुन पा रहा। नया प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा, इस पर फैसला नहीं कर पा रहा। ऐसे ही फैसले महाराष्ट्र के लिए टलते जा रहे हैं। इस बीच अब साथी दल भी बिदकते नजर आ रहे हैं। संसद के अंदर भी इसका असर दिखने लगा है। संसद के बाहर तीसरे मोर्चे की पतीली मद्धिम आंच पर चढ़ा दी गई है। अगले साल दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जीत जाते हैं और बिहार में फिर से कांग्रेस की दुर्गति होती है तो देश में विपक्षी राजनीति तेजी से करवट लेती नजर आएगी। तीसरे मोर्चे का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी करेंगी। उन्होंने भी खुलकर चाहत जता दी है। ये बात अलग है कि उन्होंने इंडिया गठबंधन को नेतृत्व करने की इच्छा जतायी है, मगर उन्हें ये भी पता है कि कांग्रेस पार्टी ये होने देगी इसकी संभावना ना के बराबर है इसीलिए उन्होंने पहले से अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, जगनमोहन रेड्डी, के. चंद्रशेखर राव का साथ आने के लिए तैयार कर लिया है।



**कांग्रेस को भाजपा से मुकाबला में फेल मान रहे हैं क्षेत्रीय दल**

महाराष्ट्र में 75 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का आमने सामने का मुकाबला हुआ था। इसमें से कांग्रेस सिर्फ 10 सीट जीत पाई। वह 65 सीटें न सिर्फ हारी, बल्कि उनमें से 07 सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह दूसरे स्थान पर भी नहीं रही। यानी कम से कम 07 सीटों पर महाराष्ट्र के मतदाताओं ने भाजपा के मुकाबले कांग्रेस को दूसरे नंबर की पार्टी भी नहीं माना। इससे पहले हरियाणा में भी आमने सामने के मुकाबले में भाजपा ने लगातार तीसरी बार कांग्रेस को हराया और अपनी सरकार बनाई। इसी तरह जम्मू कश्मीर में कांग्रेस सिर्फ 07 सीट जीत पाई।

### क्षेत्रीय दलों पर कांग्रेस की निर्भरता बढ़ी पर ठसक वही

साथी दलों के बीच धारणा बन रही है कि सीधा मुकाबला जहां भी भाजपा से कांग्रेस का होता है वहां कांग्रेस की दुर्गति हो रही है। दक्षिण के राज्यों का मामला अपवाद है। दूसरा निष्कर्ष यह है कि कांग्रेस अब लगभग पूरी तरह से सहयोगी पार्टियों पर आश्रित हो गई है। तीसरा निष्कर्ष यह है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का मनोबल लौटा तो उसने सहयोगी पार्टियों को दबाने का सिलसिला शुरू कर दिया, जिसका अनिवार्य नतीजा महाराष्ट्र की हार है।

**रेल मंत्री अश्विनी ने प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों का निरीक्षण किया**

## महाकुंभ की तैयारियों के लिए 2 वर्षों में 5000 करोड़ से अधिक खर्चे रेल मंत्रालय ने किए, भक्तों के लिए चलेंगी 13 हजार से अधिक गाड़ियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली






रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज क्षेत्र में महाकुंभ-2025 के लिए की जा रही तैयारियों का रविवार को अवलोकन किया । महाकुंभ की तैयारियों के लिए 2 वर्षों में 5000 करोड़ से अधिक खर्चे रेल मंत्रालय ने किए, भक्तों के लिए 13 हजार से अधिक गाड़ियां चलेंगी। केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज में सबसे पहले झूंसी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों एवं महाकुंभ -2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया तत्पश्चात झूंसी स्टेशन के निकट गंगा नदी पर प्रयागराज –वाराणसी रेल मार्ग दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत बने नए ब्रिज संख्या -111 का निरीक्षण किया । केंद्रीय रेल मंत्री ने निरीक्षण के अगले क्रम में पुनर्विकास योजना के अंतर्गत फाफामऊ स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। रेल कार्यों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा इस विषय में संबंधितों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए आवश्यक निर्देश दिये। रेलमंत्री ने मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन की नीतियों एवं मेला के सुगम और सुचारु रूप से संचालन करने की दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयासों के विषय में भी क्रमबद्ध रूप से जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा की जानकारी भी प्राप्त करते हुए दोनों स्टेशनों पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों से भेंट की, उनके साथ सेल्फी ली।


### मंत्री ने 18 स्क्रीन सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण किया

रेल मंत्री ने निरीक्षण के अगले क्रम में 18 स्क्रीन से सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष युक्त मेला टॉवर का निरीक्षण किया। मेला टॉवर से भीड़ नियंत्रण, गाड़ियों का आगमन-प्रस्थान, सिविल प्रशासन के साथ समन्वय, आपात स्थिति से निपटना, यात्रियों की सहायत इत्यादि जैसे कार्यों को किया जाता है । मेला टॉवर के सीसीटीवी कक्ष में प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों और सिविल एरिया के सीधे प्रसारण को देखकर नियंत्रण और निर्देश की प्रणाली स्थापित की गयी है। कक्ष में तैनात कर्मचारियों से सीसीटीवी के विषय में जानकारी ली और बेहतर समन्वय और त्वरित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

**संसद में नहीं मिला स्पष्टीकरण मांगने का समय**

## कांग्रेस नेता जयराम ने सोशल मीडिया के मार्फत मांगे विदेश मंत्री से जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के चीन को लेकर शुक्रवार को दिये गये आधिकारिक बयान के बाद विपक्ष की ओर से स्पष्टीकरण पूछे जाने का समय सभापति जगदीप धनखड ने नहीं दिया तो कांग्रेस पार्टी के महासचिव, संचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के मार्फत अपनी पार्टी की बात सार्वजनिक तौर पर देश के सामने रखी। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चीन के साथ भारत के संबंधों में हालिया डेवलपमेंट पर संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री द्वारा अपनी ओर से दिए गए बयान का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मोदी सरकार की चिर-परिचित राजनीति का हिस्सा है, कि सांसदों को किसी तरह की स्पष्टीकरण की मांग नहीं करने दी गई। संसद को चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों से निपटने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करने का अवसर नहीं दिया गया।

सीरिया में बशर अल असद को शुरू से ही रूस और ईरान जैसे देशों का समर्थन प्राप्त था लेकिन बीते कुछ वर्षों में रूस जहां यूक्रेन से युद्ध में वहीं ईरान के इजराइल से संघर्ष में शामिल होने से असद का सत्ता पर कंट्रोल पहले के मुकाबले कमजोर हुआ था।

**सीरिया में तख्तापलट**

# कभी जनता पर चलवाए थे तोप के गोले, लाखों का कराया था कत्लेआम, सीरिया में खत्म हुआ असद का 50 साल पुराना शासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीरिया में हालात हर बीतते दिन के साथ और खराब होते जा रहे हैं। विद्रोही एक-एक करके सीरिया के अलग-अलग शहरों को अपने कब्जे में ले रहे हैं। हालात किस कदर बिगड़ चुके हैं इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि विद्रोहियों ने अब सीरिया की राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा कर लिया है। साथ ही विद्रोहियों ने असद के सैनिकों को आत्म समर्पण करने को भी कहा है। विद्रोहियों की बढ़ती पकड़ को देखते हुए सीरिया में सैनिक भी अपनी पोस्ट को छोड़कर जाने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीरियाई सरकार का अब पतन हो गया है। जिसका साफ मतलब हुआ कि सीरिया से अब असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया है।



### वर्ष 2000 से खुद सत्ता में थे बशर अल-असद

आपको बता दें कि सीरिया सरकार की संभाल रहे मौजूदा राष्ट्रपति बशर अल-असद वर्ष 2000 से ही अपनी सरकार चला रहे थे। दो दशक से भी ज्यादा के समय में अल असद की सरकार ने गृहयुद्ध भी झेला लेकिन रूस और ईरान जैसे देशों का साथ मिलने की वजह से वह लगातार सत्ता में बने रहे. इससे पहल इनके पति हाफिज अल असद ने सीरिया में 30 साल तक शासन किया था। उनकी मौत के बाद ही उनके बेटे बशर अल असद ने सत्ता संभाली थी।



**खबर संक्षेप**

### पाक में 22 आतंकवादी और 6 सैनिक की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में दो दिनों के दौरान तीन अलग-अलग अभियानों में कम से कम 22 आतंकवादी जबकि छह सैनिक मारे गए। 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' ने कहा कि खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान 6 से 7 दिसंबर तक खैबर पख्तूनख्वा के टांक, उत्तरी वजीरिस्तान और थाल जिलों में चलाए गए।

### सड़क दुर्घटना में 26 लोगों की मौत




**आबिदजान।** आइवरी कोस्ट में दो बसों की भीषण टक्कर में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार देश के मध्य-पश्चिम में ब्रोकोआ गांव में दो वाहनों की टक्कर हो गई। बयान में कहा गया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मारे गए 26 लोगों में से दस की मौत टक्कर के बाद लगी आग में झुलसने से हुई।

**दो दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री, मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में लेंगे हिस्सा**

# बहरीन पहुंचे जयशंकर, मनामा डायलॉग में होंगे शामिल द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा

मैं मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं

*भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय बहरीन दौरे पर पहुंच गए हैं। जहां वे मनामा डायलॉग और चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।*

एजेंसी ▶▶ मनामा

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मनामा डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए बहरीन के मनामा पहुंच गए हैं। उनका स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा, मनामा पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। कल मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारा उच्च संयुक्त आयोग बहुत ही उत्पादक होगा।

**एक्स पर पोस्ट में जानकारी साझा की**



### एचजेसी की सह-अध्यक्षता करेंगे

विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं। वे 8 से 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और भारत और बहरीन के बीच बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

◆ बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी

### दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग

*विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईएसएस मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे। इस वर्ष मनामा डायलॉग का विषय है 'क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व का नेतृत्व। भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं। दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक से अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश करने का इच्छुक है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है। दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध फल-फूल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन में 3 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। बहरीन ने बहरीन के इतिहास और प्रगति में भारतीय समुदाय के योगदान को स्वीकार करने और चिह्नित करने के लिए नवंबर 2015 में 'लिटिल इंडिया इन बहरीन' परियोजना शुरू की।*

**बीएनपी लीडर बोले- भारत ने हमसे चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे**

## ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने हुआ विरोध-प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया।

इसके बाद बीएनपी के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई। बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

### शेख हसीना ने 16 साल सरकार चलाई

उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा। बता दें कि चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ की मौत हो गई थी। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया। भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया रिजवी ने दावा किया कि भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, इससे हमारा देश सम्पन्न होगा। प्रोडक्शन बढ़ेगा। बॉर्डर बंद करके अच्छा काम किया।

**लोगों से की जा रही पूछताछ**

## कठुआ के हीरानगर में दिखे चार संदिग्ध सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर कस्बे में 3-4 लोगों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया है। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना ने कहा कुछ संदिग्ध हरकतें दिखीं। इसलिए हमने एक घंटे के भीतर ही कार्रवाई की। शनिवार रात से ही हमने सेना, एसओजी, सीआरपीएफ और अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरे इलाके की तलाशी ली। हवाई निगरानी भी की जा रही है।



### उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत

इधर, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। दोनों को गोली लगी थी। एक पुलिसकर्मी घायल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6.30 बजे उधमपुर जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े मिले।

**टैरिफ वाली धमकी के बाद विदेश मंत्री का बयान**

## डॉलर के खिलाफ नहीं है भारत, न ही ब्रिटिश करेंसी लाने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील पर प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप की अपील थी कि ब्रिक्स के सभी देश उनके सामने यह सुनिश्चित करें कि वे डॉलर के खिलाफ कोई नई करेंसी नहीं बनाएंगे और किसी ऐसी करेंसी का समर्थन भी नहीं करेंगे। ऐसा करने पर उन्होंने 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। विदेश मंत्री ने अब स्पष्ट किया है कि भारत का डॉलर को कमजोर करने का कोई इरादा नहीं है। विदेश मंत्री ने कतर के दोहा फोरम में एक पैनल डिस्कशन में कहा, मुझे स्पष्ट रूप से नहीं पता कि ट्रिगर किस चीज के लिए था, लेकिन मैंने हमेशा कहा है कि भारत कभी भी डी-डॉलराइजेशन में शामिल नहीं रहा है। फिलहाल, ब्रिक्स करेंसी बनाने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी साफ किया कि ब्रिक्स में शामिल देशों का मसले पर आइडेंटिकल पॉजिशन नहीं है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ओंकारेश्वर की शरण में...



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हुए।

**कई के मलबे में दबे होने की आशंका**

## हेग की रिहायशी इमारत में तेज धमाका, पांच लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ हेग

नीदरलैंड्स के हेग शहर में एक रिहायशी इमारत में हुए तेज धमाके में पांच लोगों की मौत की खबर है। इमारत के मलबे में भी लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। धमाका शनिवार करीब छह बजे हुआ। धमाके के बाद इमारत में आग लग गई।

### धमाके और आग की चपेट में 5 अपार्टमेंट्स प्रभावित

नीदरलैंड्स की जांच एजेंसियों ने बताया कि धमाके और आग की चपेट में आकर पांच अपार्टमेंट्स प्रभावित हुए हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। दरअसल ऐसा कहा जा रहा है। धमाके के बाद एक कार तेजी से वहां से गुजरी थी।

**बीएसएफ के 60 वें स्थापना दिवस समारोह में किया ऐलान**

## अब सीमा की सुरक्षा के लिए बनेगी खास एंटी ड्रोन यूनिट: अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भारत-पाक सीमा से 300 किलोमीटर दूर प्रशिक्षण शिविर में आयोजित बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा के लिए खास एंटी ड्रोन यूनिट बनाई जाएगी। इससे देश की सीमा की सुरक्षा और अधिक पुख्ता हो जाएगी। शाह समारोह में जवानों का हौसला बढ़ाया और उनकी सराहना की।



### विजेताओं को वीरता पुरस्कार दिए

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा पर इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 110 ड्रोन का था। हथियार तथा मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए ड्रोन सबसे अधिक पंजाब और कुछ राजस्थान तथा जम्मू में मार गिए या बरामद गए। गृह मंत्री ने परेड की समीक्षा की, सलामी ली और वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए। बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी, जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं।

### भारत ने नेपाल को 3.54 करोड़ अनुदान देने का वादा किया

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के कोशी प्रांत में एक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए 3.54 करोड़ रुपए का अनुदान देने का वादा किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक, तेरहाथुम जिले में कहलालंग स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस की सांसद सीता गुरुंग और नेपाल में भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से रखी।

**सांसदों ने किया मतदान का बहिष्कार**

## साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फेल

एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरियाई संसद में राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव विफल हो गया है, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। मार्शल लॉ की घोषणा के बाद राष्ट्रपति यून सुक योल पर महाभियोग चलाने के प्रस्ताव के लिए विपक्षी सांसदों को कुछ वोटों की कमी खली। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी के सांसदों ने पार्टी के तीन सांसदों को छोड़कर मतदान का बहिष्कार किया। लिहाजा विधेयक को पारित करने के लिए जरूरी 200 सदस्यों (सदन के दो तिहाई) से कम मत मिले। इसका मतलब है कि राष्ट्रपति यून अभी पद पर बने रहेंगे।




**पर्यटकों के लिए अब और भी खास बना बंगुस पर्यटन स्थल**

## बंगुस की बर्फीली वादियों में सैलानियों का उमड़ा सैलाब

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उत्तर कश्मीर का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल वादी-ए-बंगुस इस समय सर्दियों के मौसम में एक जादुई रूप में बदल चुका है। इस क्षेत्र में पहली बार बर्फबारी के साथ हरे-भरे मैदान बर्फ से ढक गए हैं, जिससे यह एक सर्दियों की शानदार मंज़र बन गया है। क्षेत्र में लगभग एक फीट बर्फ गिर चुकी है, जिससे यहां की लुभावनी खूबसूरती और भी बढ़ गई है।







*धरती का स्वर्ग कहा जाता है कश्मीर का बंगुस*


*कश्मीर अपनी खूबसूरती की वजह से देश के सबसे पॉपुलर टूरिस्ट स्पॉट में एक है। लोगों को हैरान कर देने वाली खूबसूरती की वजह से इसे धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां साल भर देश और दुनिया के कोने-कोने से पर्यटक आते हैं। कश्मीर घाटी का कण-कण खूबसूरत नजारों से भरा है लेकिन इसके बावजूद कई ऐसी जगहें भी हैं जो टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर ज्यादा मशहूर नहीं है लेकिन अगर आप भी यहां पहुंच जाएं तो आप खुद को प्रकृति की गोद में महसूस कर पाएंगे। ऐसी ही एक जगह है कश्मीर की बंगस घाटी।*

**ईरान के कदम से एशिया में बढ़ी चिंता**

## परमाणु हथियार में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम का बढ़ा रहा 'भंडार'

एजेंसी ▶▶ मनामा

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने चेतावनी दी कि ईरान परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल होने योग्य यूरेनियम के भंडार को तेजी से बढ़ा रहा है और उसने उन्नत सेंट्रीफ्यूज का निर्माण शुरू कर दिया है। ईरान द्वारा अपने अब तक के सबसे ज्यादा वजन के साथ एक सफल अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण की घोषणा किये जाने के कुछ घंटों बाद ही राफेल मारियानो



ग्रॉसी ने यह टिप्पणी की। ईरान के सफल अंतरिक्ष प्रक्षेपण को लेकर पश्चिमी देशों का आरोप है कि इससे तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में सुधार हुआ है। सिमोर्ग रॉकेट का प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया।

### लेबनान में युद्ध विराम के बाद भी हमले

ईरान के इस कदम से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है, जहां गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध जारी है तो वहीं लेबनान में युद्ध विराम के बाद भी हमले हो रहे हैं। ईरान हालांकि अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की आने वाली सरकार के साथ संभावित वार्ता के लिए जमीन तैयार करने में जुटा है।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : रिचा

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरे वनडे में 122 रन से मिली हार के बाद भारतीय बल्लेबाज रिचा घोष ने स्वीकार किया कि टीम से फील्डिंग में खास तौर पर गलतियां हुई है लेकिन पर्थ में आखिरी मैच में इससे सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे मैच से पहले ही पता चला कि पारी की शुरुआत करना है। मैं हमेशा हर क्रम पर खेलने के लिए मानसिक तौर पर तैयार रहती हूं और मेरा काम टीम के लिये योगदान देना ही रहता है। जो मुझे आता है, वह मैदान पर देना चाहती हूं।'

### अनसोल्ड खिलाड़ियों पर पीएसएल की नजर



**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग के फ्रेंचाइजी मालिकों ने अपने देश के क्रिकेट बोर्ड को उन विदेशी खिलाड़ियों की सूची सौंपी है जो हाल में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में नहीं बिक पाए थे। फ्रेंचाइजी चाहती हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आगामी नीलामी के लिए इन खिलाड़ियों को अपने ड्राफ्ट में शामिल करें। अगले साल होने वाले आईपीएल और पीएसएल के कार्यक्रम में पहली बार टकराव होने की संभावना है।

### भारत में होने वाले मैचों से परहेज करे पीसीबी

**कराची।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सलाह दी है कि जब तक भारत अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने पर सहमत नहीं हो जाता तब तक वह आईसीसी टूर्नामेंट सहित किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम को भारत भेजने से परहेज करे। कराची कला परिषद में आयोजित उर्दू सम्मेलन में अफरीदी ने पीसीबी से भारत के साथ क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत करते हुए कहा कि पाकिस्तान को मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है।

### होटल में समय बर्बाद नहीं करें: गावस्कर



**एडिलेड।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत से गुलाबी गेंद के टेस्ट के जल्दी खत्म होने के बाद अपने होटल के कमरों में समय बर्बाद नहीं करने और दो अतिरिक्त दिनों का उपयोग अभ्यास में पसीना बहाकर करने का आग्रह किया है ताकि वे तीसरे मैच में वापसी कर सकें। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हार से भारत की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। मैच ढाई दिन से भी कम समय में समाप्त हो गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

### भारत मार्च से शुरू करेगा क्वालीफायर की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी जो इंडियन सुपर लीग के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद होगा। ड्रॉ की पूर्व संध्या पर भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे को 'लंबे शिविर' का प्रस्ताव दिया। इगोर स्टिमक से पदभार संभालने के बाद मार्केज ने चार मैचों में अभी तक सफलता का स्वाद नहीं चखा है।

## 10 विकेट से कंगारुओं ने जीता मैच श्रृंखला 1-1 से बराबर

# ऑस्ट्रेलिया ने की बराबरी, दोनों पारियों में एक दिन के बराबर नहीं खेल सका भारत

एजेंसी ⏭ एडिलेड

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 'गुलाबी गेंद' से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को तीसरे दिन पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारतीय बल्लेबाज इस मैच की दोनों पारियों में सिर्फ 81 ओवर ही बल्लेबाजी कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस मैच में संभावित 2700 गेंदों में से महज 1031 गेंदें डाली गई। टेस्ट मैच में एक दिन में अधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया।

भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की। भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी** | स्कोर बोर्ड | **भारत** : 180/10, 175/10 **ऑस्ट्रेलिया** : 337/10, 19/0

मैच में 81 ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी भारतीय टीम



### कमिंस ने शॉर्ट बॉल का खोला 'पंजा'



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड (तीन विकेट) ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क (दो विकेट) ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके।

### रोहित-कोहली फेल



भारत को इस मैच की दोनों पारियों में सबसे ज्यादा निराशा अनुभवी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से हुई। यह दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सामना करने में विफल रहे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला।

### गुलाबी गेंद से हारी भारतीय टीम

*भारतीय टीम गुलाबी बॉल की स्विंग और एक्स्ट्रॉ बाउंस से मात खा गए। पहले दिन बॉल 1.6 डिग्री तक स्विंग कर रही थी। ऐसे में भारतीय टीम पहले दिन के शुरुआती 2 सेशन में ही ढेर हो गई। रोहित ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कप्तान की जगह ओपन करने उतरे केएल राहुल और विराट कोहली एक ही तरीके से आउट हुए। दोनों को मिचेल स्टार्क ने पवेलियन भेजा। भारतीय बैटर्स ऑफ स्टंप से बाहर की ओर स्विंग लेती उछाल भरी बॉल पर कैच आउट हुए। अन्य बल्लेबाज भी पिंक बॉल की एक्ट्रा स्विंग और बाउंस का सामना नहीं कर सके। एक समय भारत का स्कोर 71/1 था। फिर अगले 10 रन बनाने में राहुल, विराट और गिल के विकेट गंवा दिए।*



ट्रेविस हेड बने प्लेयर ऑफ द मैच

### शमी की वापसी पर संदेह गेंदबाज के घुटने में सूजन



मोहम्मद शमी की टेस्ट मैदान में बहुप्रतीक्षित वापसी में और देरी हो सकती है क्योंकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि मुश्ताक अली ट्रॉफी के सात मैच खेलने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज के घुटने में एक बार फिर सूजन आ गई है। शमी की 'प्लेइंग किट' और ऑस्ट्रेलियाई वीजा तैयार माना जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द उड़ान भरनी थी। लेकिन रोहित की मैच के बाद की टिप्पणियों के बाद उनके ऑस्ट्रेलिया जाने पर संदेह के बादल छा गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी की वापसी की संभावना है तो भारतीय कप्तान ने अपने जवाब में सतर्कता बरती।

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का कैरी बो बोलैंड | 24 | 31 | 4 | 0 |
| राहुल का कैरी बो कमिंस | 07 | 10 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल बो स्टार्क | 28 | 30 | 3 | 0 |
| कोहली का कैरी बो बोलैंड | 11 | 21 | 1 | 0 |
| पंत का स्मिथ बो स्टार्क | 28 | 31 | 5 | 0 |
| रोहित शर्मा बो कमिंस | 06 | 15 | 1 | 0 |
| रेड्डी का मैकस्वीनी बो कमिंस | 42 | 47 | 6 | 1 |
| अश्विन का कैरी बो कमिंस | 07 | 14 | 0 | 0 |
| राणा का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 12 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 | 05 | 0 | 0 |
| सिराज का हेड बो बोलैंड | 07 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 36.5 ओवर में 175/10गेंदबाजी : स्टार्क 14-1-60-2, कमिंस 14-0-56-5, बोलैंड 8.5-0-51-3.

भारत को 122 रन से हराया

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का वनडे श्रृंखला पर कब्जा



एजेंसी ⏭ ब्रिसबेन

जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाए जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की।

## 'हेड ने झूठ कहा', मुझे अपशब्द कहे : सिराज



**एडिलेड।** एडिलेड डे नाइट टेस्ट के दौरान जो चीज सबसे ज्यादा चर्चा में रही, वह है मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड का भिड़ना। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान हेड को आउट करने के बाद सिराज ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था, जिससे हेड खुश नहीं दिखे थे और उन्होंने कुछ शब्द कहे। इस पर सिराज ने उन्हें जाने का इशारा किया था। सिराज ने दावा किया कि हेड झूठ बोल रहे थे। सिराज ने जोर देकर कहा कि भारतीय टीम हर खिलाड़ी का सम्मान करती है और उन्होंने इस विवाद को पहले बढ़ावा नही दिया था। तेज गेंदबाज ने कहा कि हेड ने ही उन्हें अपशब्द कहे और इसी वजह से उन्हें इतना आक्रामक अंदाज अपनाना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'मुझे हेड को गेंदबाजी करने में मजा आ रहा था। यह एक अच्छी लड़ाई थी क्योंकि उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। जब कोई बल्लेबाज आपको अच्छी गेंद पर छक्का मारता है, तो बुरा लगता है। इससे मुझे एक ऊर्जा मिली। उन्हें आउट करने के बाद मैंने जश्न मनाया। फिर उन्होंने मुझे गालियां दीं। आप टीवी पर भी देख सकते हैं।

## गुकेश ने 11वीं बाजी में लिरेन को हराया, बनाई एक अंक की बढ़त

एजेंसी ⏭ सिंगापुर



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और रविवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर एक अंक की बढ़त बना ली।

■ विश्व शतरंज चैंपियनशिप : चैंपियन बनने से डेढ़ अंक पीछे गुकेश

क्लासिकल प्रारूप में खेली जा रही इस 14 दौर की प्रतियोगिता में अब केवल तीन बाजियां खेली जानी बाकी हैं। भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से छह अंक हो गए हैं जबकि चीन के खिलाड़ी के पांच अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा, वह विश्व चैंपियनशिप का विजेता बन जाएगा। इस तरह से यह जीत 18 वर्षीय गुकेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। गुकेश और लिरेन दोनों पर समय का दबाव था। चीन के खिलाड़ी ने इस दबाव में गलतियां की जिसका फायदा उठाकर गुकेश ने प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। गुकेश की जीत लगातार सात और कुल मिलाकर आठ ड्रॉ के बाद आई है।

## अंडर-19 एशिया कप : बांग्लादेश से फाइनल में हारी भारतीय टीम



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज रविवार को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन का फायदा नहीं उठा सके जिससे टीम को बांग्लादेश से 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया। भारतीय टीम 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गई।

### छेत्री हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया और लीग के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। छेत्री की हैट्रिक से बेंगलुरू एफसी ने केरला ब्लास्टर्स पर 4-2 से जीत दर्ज की। छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इससे उन्होंने बार्थोलोम्यू ओगबेचे को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने जनवरी 2023 में एफसी गोवा के खिलाफ हैदराबाद एफसी के लिए 38 साल और 96 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था। इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान छेत्री ने आठवें, 73वें और 90+8वें मिनट में गोल किए जबकि रेयान विलियम्स ने टीम के लिए 38वें मिनट में दूसरा गोल किया।

*रूट का 36 वां टेस्ट शतक*

## इंग्लैंड ने बनाई 2-0 की बढ़त न्यूजीलैंड को 323 रन से रौंदा

एजेंसी ⏭ वेलिंगटन



इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन की शुरुआत में आधे घंटे बल्लेबाजी की जिस दौरान दिग्गज जो रूट (106) ने अपने करियर का 36 वां टेस्ट शतक पूरा किया। पहली पारी में 155 रन बढ़त लेने वाली टीम ने छह विकेट पर 427 रन पर पारी घोषित कर न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का लक्ष्य दिया।

जीत के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (115) की शतकीय पारी के बावजूद 259 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच आठ विकेट से जीता था। दूसरे टेस्ट में जीत के साथ उसने न्यूजीलैंड में 2008 के बाद पहली बार टेस्ट श्रृंखला में जीत का स्वाद चखा। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट शनिवार से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 280 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 125 रन पर आउट कर दिया था।

### देवजीत संभालेंगे बीसीसीआई सचिव की जिम्मेदारी : बिन्नी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को बोर्ड का कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। वह जय शाह की जगह बीसीसीआई का कामकाज संभालेंगे। बता दें कि, एक दिसंबर को जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला था। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए देवजीत सैकिया को कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, जब तक स्थाई सचिव की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक कार्यवाहक सचिव बोर्ड की जिम्मेदारी संभाल सकता है। यह एक अस्थाई व्यवस्था है। असम के रहने वाले सैकिया पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। वह फिलहाल बीसीसीआई के संयुक्त सचिव हैं।

ईपीएल : गत चैंपियन के लिए खिताब का बचाव करना मुश्किल

## पैलेस ने सिटी को बराबरी पर रोका, यूनाइटेड को मिली हार

एजेंसी ⏭ लंदन



क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया जिससे चार बार की गत चैंपियन के लिए खिताब का बचाव करना मुश्किल होगा। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। सिटी ने बुधवार को नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर सात मैचों के बाद पहली जीत दर्ज की थी लेकिन इस ड्रॉ मुकाबले के साथ उसे अंक साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सिटी की टीम मैच में दो बार पिछड़ रही थी लेकिन एर्लिंग हालैंड और रिको लुइस के गोल से टीम वापसी करने में सफल रही। क्रिस्टल पैलेस के लिए डेनियल मुनोज और मेक्सिम लेकरोइक्स ने गोल किए। इस ड्रॉ मैच के बाद पेप गार्डियोला की टीम तालिका में चौथे स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से आठ अंक पीछे है। एस्टोन विला ने अंतिम स्थान पर मौजूद साउथेम्प्टन को 1-0 से हराया जबकि ब्रेंटफोर्ड ने न्यूकैसल के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की।

### मिलेनकोविच का हेडर गोल

मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ फॉरेस्ट ने दूसरे मिनट में निकोला मिलेनकोविच के हेडर से बढ़त बनाई लेकिन रासमस होजलुंड ने यूनाइटेड के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। मार्गन गिब्स व्हाइट और क्रिस वुड ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंदर दो गोल कर फॉरेस्ट को 3-1 से आगे कर दिया। ब्रूनो फर्नांडिस ने 61वें मिनट में गोल कर घरेलू टीम की वापसी कराई लेकिन यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## तनीषा-अश्विनी और सतीश ने जीता गुवाहाटी मास्टर्स खिताब

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी



भारतीय खिलाड़ी सतीश करुणाकरन ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल ट्रॉफी अपने नाम की। महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने भी फाइनल में चीन की ली हुआ झाउ और वांग जी मेंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर अपना खिताब बरकरार रखा।

2023 ओडिशा ओपन सुपर 100 चैंपियन सतीश ने चीन के झू जुआन चेन को 44 मिनट में 21-17, 21-14 से हराकर भारत को दूसरा खिताब दिलाया। पेरिस ओलंपिक में भी भाग लेने वाली तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 43 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में ली और वांग को 21-18, 21-12 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब अपने पहले सुपर 100 खिताब के करीब पहुंचने के बावजूद महिला एकल फाइनल में चीन की काई यान यान से 21-14, 13-21, 19-21 से हार गईं और उपविजेता रहीं।

### एलएनसीटी साउथ-वेस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालय कराटे पुरुष टूर्नामेंट का समापन

# खेल कौशल, खेल भावना और सम्मान का अनोखा संगम

*100 से अधिक विवि के 600 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाया अपना खेल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय के साउथ -वेस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालय कराटे पुरुष टूर्नामेंट 2024-25 का समापन भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ।

एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का अद्वितीय प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण प्रो एनके थापक वाइस चांसलर, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर, आरके शर्मा स्पोर्ट्स डायरेक्टर टीआईटी, सुप्रिया जाटव टूर्नामेंट डायरेक्टर, डॉ. वीएस पंवार स्पर्धा सचिव, डॉ. पीएस डारा, तनवंत सिंह खेल अधिकारी, मृत्युंजय श्रीवास्तव पुलिस अकादमी भौंरी ने किया।

**यह रहे विजेता**

- विजेता : वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय
- प्रथम उपविजेता : रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय
- द्वितीय उपविजेता : बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय



**व्यक्तिगत काता**

- स्वर्ण - चिराग पवार (सेज विश्वविद्यालय, भोपाल)
- रजत - दीपांकर कोंवर (महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम)
- कांस्य - रक्षांश आम्रवंशी (बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय) और

**टीम काता**

- स्वर्ण - महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम
- रजत - कालीकट विश्वविद्यालय
- कांस्य - मैसूर विश्वविद्यालय और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय



### एलएनसीटी के मोहित ने जीता रजत

एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संगठन के तत्वाधान में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय कराते पुरुष प्रतियोगिता में व्यक्तिगत कुमीते के तीन भारवर्ग -75 किलोग्राम -84 किलोग्राम एवं +84 किलोग्राम के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला खेले गए। प्रतियोगिता के -75 एवं -84 +84 किलोग्राम के पुरस्कार वितरण समारोह में कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी,एलएनसीटी सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे, जलज चतुर्वेदी जिला खेल अधिकारी, विकास खराड़कर सहायक संचालक खेल, मनीष वाजपेई क्षेत्रीय संयोजक क्रीड़ा भारतीय, अम्बेकश्वर पाठक डायरेक्टर एडमिशन, अरुण पिल्लई, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, आयोजन सचिव डॉ. वीएस पवार,सुप्रिया जाटव टूर्नामेंट डायरेक्टर द्वारा किया गया, जिसमें स्वर्ण पदक वीर नरमाद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी के आशीष सिंह रजत पदक रोहन सिंह ठाकुर सगे यूनिवर्सिटी एवं कहां से पदक पीयूष पवार स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी और मानव इंग्लिश राष्ट्र संघ कोजी महाराज यूनिवर्सिटी को मिला।



### सेंट माइकल ने रेलवे गर्वित को 3 विकेट से हराया

**भोपाल।** बीडीसीए सारंग अंडर 13 लीग में सेंट माइकल ने रेलवे गर्वित को 3 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। दो दिवसीय मुकाबले में रेलवे गर्वित के शिवम के 96 रनों की पारी की बदौलत 165 रनों का लक्ष्य रखा। सेंट माइकल के मुस्तफा ने दो, लकी ने एक विकेट प्राप्त किया। जवाब में सेंट माइकल के हिमांशु के 27 एवं मानवेंद्र की 29 और भविष्य त्यागी की 89 रनों की पारियों की बदौलत इस मैच को तीन विकेट से जीत लिया। मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार भविष्य त्यागी को अंपायर सलमान खान एवं अमन बोराना ने दिया।




**रोहतक में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए किया क्वालिफाई**

## आरएनटीयू के खिलाड़ी ओवरऑल रनरअप, टीम कुमीते में गोल्ड, इंडिविजुअल में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटीयू में आयोजित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के 7 कराटे प्लेयर्स ने साउथ वेस्ट जोन कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने ओवरऑल रनरअप सहित टीम कुमीते में गोल्ड, इंडिविजुअल में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते।

प्रिंस राठौर बॉन्ज मेडल (-50किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते और गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते, रोहित बसेड़िया सिल्वर मेडलिस्ट (-84 किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते और गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते, अनुज गोस्वामी गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते



और फिनिश्ड टॉप 8 इन (-60 किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते, गणपत सोनटके गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते और फिनिश्ड टॉप 8 इन (-55 किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते, प्रणय लांजेवर गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते और फिनिश्ड टॉप 8 इन (+84 किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते, सुयश राजा गुर्जर गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते और फिनिश्ड टॉप 16 इन (-67 किग्रा) इंडिविजुअल कुमीते, अंश निनामा गोल्ड मेडलिस्ट टीम कुमीते में विवि का नाम रोशन किया। टीम मैनेजर सतीश अहिरवार और कोच रुद्र प्रताप सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने जनवरी में रोहतक में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। विवि कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलसचिव डॉ. विजय सिंह और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दी हैं।

## गोवा बॉडी बिल्डिंग में तीसरे स्थान पर रहे सौरभ



**भोपाल।** राजधानी के बरखेड़ी इलाके के सौरभ यादव ने गोवा में बीते 30 नवंबर को आयोजित इंटरनेशनल आईसीएन वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में टॉप 10 में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में कुल 185 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सौरभ की इस उपलब्धि पर उनके मित्र मंडल और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि वे ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और अपने देश, समाज और अपने परिवार का नाम रोशन करते रहें। गौरतलब है कि सौरभ अहीर यादव समाज के अध्यक्ष संतोष यादव के पुत्र हैं।




Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. *Terms & Conditions Apply.

**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़ः** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिण्डः** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज,** 9425344557, **सियाराली: भयरे मोटर्स,** 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह**-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साईं मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली :** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा: पटेल मोटर्स** 9755567226, **सतवास: शिवम मोटर्स** 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा :** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.

FCB INTERFACE/4059/DEC2024/ENGLISH

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930